बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 08 मई 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 100 | मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा ● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली
















## बालाघाट में राहुल भैया अजय सिंह के आगमन पर स्वागत समारोह आज..

जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राहुल भैया अजय सिंह का 8 मई 2026, शुक्रवार को बालाघाट आगमन प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत की तैयारियां की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास (शासकीय बंगला) में सायं 7 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर स्वागत सत्कार एवं प्रीतिभोज का आयोजन रखा गया है, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी गणमान्य नागरिकों एवं कांग्रेसजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। कार्यक्रम के निवेदक के रूप में विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय उइके, पूर्व उपाध्यक्ष हीना कावरे, विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक मधु भगत, विधायक विवेक पटेल, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, पूर्व विधायक अशोक सिंह सरसवार, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत एवं पूर्व विधायक टामलाल सहारे सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार हैं, जो आयोजन की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## खत्म हुआ ममता राज! राज्यपाल ने भंग की पश्चिम बंगाल विधानसभा



कोलकाता।

***राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल विधानसभा भंग कर दी है। अब बंगाल में नई सरकार के गठन का रास्ता साफहो गया है। 2026 के विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि ने बड़ा कदम उठाया है।***

उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174 (2) की उप-धारा (ख) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल कर पश्चिम बंगाल विधानसभा भंग करने का आदेश दिया है। बुधवार, 6 मई 2026 को जारी विशेष गजट अधिसूचना संख्या 275-क्क./1रु03/2026 में यह घोषणा की गई। संसदीय कार्य विभाग की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक, गुरुवार (7 मई 2026) से वर्तमान विधानसभा औपचारिक रूप से भंग हो जाएगी। राज्यपाल के हस्ताक्षर वाले इस आदेश को मुख्य सचिव दुष्मंत नारियाला ने जनहित में प्रकाशित किया। चुनाव के बाद नई सरकार के कार्यभार संभालने से पहले पुरानी विधानसभा भंग करना संवैधानिक परंपरा है।

### 18 वीं विधानसभा के गठन का रास्ता साफ

इस आदेश से 17वीं विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो गया और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ 18वीं विधानसभा के गठन का रास्ता साफ हो गया। अगले कुछ दिनों में नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण और विधानसभा का पहला सत्र बुलाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

## डीएमके या एआईडीएमके ने सरकार बनाने कोशिश की, टीवीके के सभी 108 विधायक दे देंगे इस्तीफा..

**चेन्नई।** अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) ने चेतावनी दी है कि अगर एमके स्टालिन की डीएमके या ई पलानीस्वामी की एआईएडीएमके, इन दोनों में से किसी ने भी तमिलनाडु में सरकार बनाने का दावा किया, तो हमारी पार्टी के सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे। टीएमके का यह फैसला डीएमके और एआईएडीएमके के बीच हुई दो महत्वपूर्ण बैठकों के बाद आया है। टीवीके को अब शक है कि दोनों पार्टियां राज्य में सरकार बनाने के लिए मिलीभगत कर रही हैं। बता दें कि तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद भी आंकड़ों के बीच सरकार बनाने की कोशिशें जारी हैं। टीवीके ने पहली बार चुनाव लड़ा और पार्टी ने 108 सीटें जीती हैं। जिनमें से दो सीटें खुद पार्टी प्रमुख विजय ने जीती हैं। इस तरह से टीवीके के पास 107 विधायक हैं और उसका तर्क है कि सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते राज्यपाल को उसे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करना चाहिए। लेकिन आज सुबह राज्यपाल आरवी अर्लेकर ने दोबारा से विजय को सरकार बनाने का दावा करने से मना कर दिया और कहा कि उनके पास बहुमत नहीं है। गवर्नर ने विजय द्वारा बहुमत हासिल करने के लिए पेश किए गए दावे को भी स्वीकार नहीं किया। सूत्रों के अनुसार, दो दिनों में हुई यह दूसरी बैठक राज्यपाल के इस ज़िद पर समाप्त हुई कि अभिनेता-राजनेता को 118 विधायकों के समर्थन पत्र उपलब्ध कराने होंगे। राजभवन से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि तमिलनाडु विधानसभा में सरकार गठन के लिए आवश्यक बहुमत अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।


### आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स मे कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। संपर्क करें..
मो. 9425639000, 9300039839

### आवश्यकता है..

ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10 वी.,12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है।
संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।
बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.)
संपर्क - 9244872544/ 9201340520








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## कांग्रेस ने किया नेशनल हाईवे 44 में एक दिवसीय किसान आंदोलन एवं चक्का जाम

जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशानुरूप जिले के अन्नदाता किसानों की अनेक ज्वलंत समस्याऍं जिसमें प्रमुख रूप से गेहूॅं उपार्जन में देरी, समय पर स्लॉट बुकिंग पोर्टल की***





गड़बड़ी, सर्वर समस्या, बारदाना की कमी एवं खरीदी केन्द्रो में की जा रही अवैध वसूली एवं अनेक अनियमितताओं सहित वर्तमान में अनेक तरह समस्याओं से किसान परेशान और बेबस है, किसानों की समस्या से प्रदेश की मोहन यादव सरकार को कोई सरोकार नही है चाहे किसान लूटे या परेशान रहें भाजपा सरकार को तो सिर्फ सत्ता में बने रहने अनेक तरह के षड़यंत्रो से सिर्फ और सिर्फ सत्ता हथियाना ही मकसद बन चुका है।

जिले के अन्नदाता किसानों की इन सभी नीतिगत समस्याओं के शीघ्र निराकरण किये जाने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के आव्हान पर जिले के अन्नदाता किसानों को उनका वाजिब हक दिलाने नेशनल हाईवे 44 के ग्राम भोंगाखेड़ा में एक दिवसीय किसान आंदोलन एवं चक्का जाम कर प्रदेश की दोहरी नीति की पोषक, आमजन को गुमराह करने वाली गहरी चिरनिद्रा में लीन मोहन यादव सरकार को जन आंदोलन के माध्यम से जगाने का प्रयास किया गया।

### जिला सहित पूरे प्रदेश का किसान परेशान है : नरेश

आंदोलन को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के कहा कि तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जो आज केन्द्र में कृषि मंत्री बने बैठे है उन्होंने विधानसभा चुनाव पूर्व प्रदेश के अन्नदाता किसानों को गुमराह कर अनेक तरह का लोभ लालच देकर सत्ता तो प्राप्त कर ली किन्तु आज भी हमारे सिवनी जिला सहित पूरे प्रदेश का किसान परेशान है प्रदेश की सत्ता भाजपा की मोहन यादव सरकार ने चुनाव घोषणा संकल्प में किये गये वादो को भूल चुकी है उन्हें किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नही है, भाजपा नेताओं को यह विश्वास हो चुका है कि प्रदेश के किसानों को आसानी से लोभ लालच के सहारे अपने कब्जे में किया जा सकता है उसी का परिणाम है कि आज जिले सहित पूरे प्रदेश का किसान अपनी आय से कई गुना नुकसानी झेल रहा है।

### जिले का किसान आज परेशान होकर दर दर की ठोकरे खा रहा–रजनीश हरवंश सिंह..

किसान आंदोलन को सम्बोधित करते हुये केवलारी विधायक ठा. रजनीशहरवंशसिंह ने कहा कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार के फतानाशाही रवैया के चलते जिले में गेंहू उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन उपार्जन केन्द्रो पर न तो पर्याप्त बारदाना है और ना ही विक्रय केन्द्रो में किसानों की फसल को सुरक्षित रखने की व्यवस्था, मोहन यादव सरकार के मंत्री, विधायक और भाजपा नेताओं के इशारे पर बिचैलियों को लाभ पंहुचाने की दृष्टि से किसानो के गेहूॅ में चमक न होने का बहाना बताकर खरीदी से इंकार किया जा रहा है।

जिस कारण जिले का किसान आज परेशान होकर दर दर की ठोकरे खा रहा है हम जानते है अन्नदाता का दर्द की वह किस तरह रात-दिन एक करके बडी मेहनत से फसल पैदा करता है और भाजपा सरकार उन मेहनत कश किसानों को हर समय गुमराह और परेशान करती है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजा बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के आव्हान पर जिले के किसान भाईयों की ज्वलंत समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी हमेशा ही प्रदेश की सत्तारूढ़ मोहन यादव सरकार की किसान विरोधी नीति और झूठे वादे के खिलाफ रहेंगी। जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता अन्नदाता किसान भाईयों के पक्ष में खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेंगा।

किसान आंदोलन एवं चक्का जाम में राजकुमार खुराना, मोहनसिंह चंदेल, सुधीर जैन, मो. हनीफखान, सुरेन्द्र करोसिया, श्रीमती शिवकली बुआ बंदरिया, उदयसिंह बघेल, ठा. जयकेशसिंह पटेल, मो. आरिफ पटेल, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, देवीसिंह चैहान, घनश्याम सनोडिया, अतुलचंद मालू, विष्णु करोसिया, नितिन डेहरिया, गुलाब साहू, सुरेश परते, संजय बघेल, राजू सनोडिया, किशोरी कुंजाम, ओम शिवहरे, सुभाष बघेल, सतीश सरयाम, देवेन्द्रसिंह ठाकुर, अनिल मर्सकोले, प्रकाश सूर्यवंशी, अशोक नरवेती, रमेश चैहान, सतीश सरयाम, आदित्य मोन्टू भूरा, मुबारक खान, तनवीर अहमद खान, ईश्वरसिंह राजपूत, विनोद यादव, रंजीत यादव, ठाकुर जय प्रकाश सिंह परिहार, धनंजयसिंह, इमानसिंह बघेल, देवेन्द्र सिरवैया, लोकेश शुक्ला, विनोद पुरोहित, रामेश्वर भालेकर, सरदार बघेल, रामकिशोर बघेल, बालमुकुंद बघेल, अनिल मर्सकोले, अमित बघेल, विजय बघेल, सोनू, संजय ठाकुर, रामकुमार पटेल, सूखराम डेहरिया, लोमेश शर्मा, नेमकुमार जैन, गोलू बघेल, बाबा खान, आरिफ सफारी, शेख आसिम, शेख नासिर, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, श्रीमती सुनीता वर्मा, मुदस्सर अली, रामायणसिंह बघेल, उमाप्रसाद ठाकुर, गोविंद राय, सलाम कुरैशी, रवि बघेल, विष्णु शर्मा, सतेन्द्र बघेल सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन एवं किसानों की उपस्थिति रही।

## अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया आम से भरा ट्रक..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गुरुवार सुबह आम से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।***



हादसा सोनाडोंगरी के पास सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### नागपुर से जबलपुर जा रहा था ट्रक..

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक नागपुर से जबलपुर की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और ट्रक पलट गया।

### सड़क पर बिखरे आम..

ट्रक पलटते ही उसमें भरे आम सड़क पर फैल गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क के एक हिस्से से यातायात शुरू कराया। बाद में क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया और स्थिति सामान्य की गई।

### ट्रक ड्राइवर से पूछताछ कर रही है पुलिस..

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां हमेशा लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। यदि उस समय आसपास लोग या वाहन होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ट्रक चालक से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन का अनियंत्रित होना माना जा रहा है।

## प्राचीन श्री शनि मंदिर में श्री शनि जयंती कार्यक्रम 16 को

जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर के प्रथम प्राचीन श्री शनि मंदिर रेलवे क्रॉसिंग छिंदवाड़ा रोड में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शनि जयंती दिनांक 16 मई को***





ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष उदया तिथि अमावस्या भरणी नक्षत्र दिन शनिवार को प्रातः पूजन अर्जन के साथ अभिषेक से प्रारंभ होगी।

मंदिर व्यवस्थापक जगदीश गुप्ता ने बताया कि सहस्त्रधारा अभिषेक प्रातः 6 बजे शुरू होकर तत्पश्चात श्रृंगार आरती होगी। शाम 4:00 बजे हवन महा आरती के बाद सायं 7:00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। नगर के सभी धर्म प्रेमी बंधु भगिनियों से विनम्र आग्रह है कि अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

## 10 करोड़ की लागत से बना क्रिकेट ग्राउंड हो गया जर्जर

**खेल संघ अनेकों बार कर चुका जीणोद्धार की मांग..**

### ग्राउंड पहुंच भूमि पर हो रहा कब्जा..

जगप्रेरणा सिवनी।

***इन दिनों खिलाड़ियों के बीच में क्रिकेट मैच को लेकर जोश देखा जा रहा है। नगर की उभरती हुई प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए बीझावाड़ा स्थित सांदीपनी स्कूल के पीछे रन वन टोला***





में क्रिकेट ग्राउंड के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि दी गई थी जिसमें ग्राउंड का निर्माण बाउंड्री वॉल एवं अंपायर इत्यादि के लिए भवन का निर्माण किया गया था लेकिन विडम्बना है कि इस ग्राउंड तक पहुंचने के लिए कोई साधन ना होने के कारण यह ग्राउंड खिलाड़ियों के लिए औचित्यहीन हो गया। यहां तक पहुंच मार्ग से लगी हुई शास कीय जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया और कृषि कार्य कर रहे हैं ऐसी स्थिति में यहां तक पहुंच पाना संभव नहीं हो पाता ,जिसको लेकर जिला क्रिकेट संघ अनेक बार पहल कर चुका है लेकिन परिणाम सि फिर निकले हैं। ज्ञातव्य है कि क्रिकेट संघ से जुड़े अजय मिश्रा राजकुमार खुराना पूर्व डिप्टी डायरेक्टर खेल विभाग मकसूद मिर्जा ने अनेकों बार इस मैदान के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित जनों के समक्ष अपनी बात रख चुके हैं लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है ऐसे में प्रतिभाओं के साथ न्याय नहीं हो रहा।

देखा गया कि ग्राउंड में जो गेट लगा था देखरेख की अभाव में चोरी चल गया अंपायर एवं खिलाड़ी के बैठने के लिए जो गैलरी बनाई गई थी उसमें लगा हुआ लोहा चुरा कर ले जाया गया है। खिलाड़ियों के कपड़े बदलने के लिए जो कमरे बनाए गए थे वहां पर जानवरों को रखा जाने के कारण गोबर से भरा पड़ा है इसका मुख्य कारण है कि इस ग्राउंड की देखरेख के लिए व्यवस्था न होने के कारण यह आप व्यवस्था का शिकार हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर मुख्यालय में क्रिकेट प्रशिक्षण को लेकर अनेक अकैडमी प्रारंभ की गई है और अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं लेकिन संसाधनों के अभाव में यह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को पूर्ण रूप से निखार नहीं पा रहे हैं अगर इन्हें अवसर मिले तो यह अपनी खेल कला का जौहर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकते हैं जिसके लिए यह क्रिकेट ग्राउंड का जीवन उधर की माहिती आवश्यकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ग्राउंड को बनाने के लिए शासन ने 10 करोड रुपए की राशि दी थी जिसमें यह निर्माण किया गया था लेकिन देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुका है इसके लिए खेल विभाग एवं जिला प्रशासन सहित जिला पुलिस विभाग रुचि लेता है तो इसका कायाकल्प कर खिलाड़ियों के लिए यह उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें.. हसीब मोहम्मद 7898530101

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कान्हीवाड़ा, उगली, केवलारी, धनौरा एवं छपारा की कार्यकारिणी घोषित

जगप्रेरणा सिवनी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशारूप, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा केवलारी विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कान्हीवाड़ा, उगली, केवलारी, धनौरा एवं छपारा के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई है।

कान्हीवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष सुकेश सोनी। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष सेवकराम ठाकुर पतरई, ओमराम चन्द्रवंशी कन्हानपिपरिया, सिफत खान कांहीवाड़ा। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव शैलेन्द्र अग्रवाल कान्हीवाड़ा, रामकुमार निर्मलकर भालीवाड़ा, जगदीश ठाकुर डूंडासिवनी, अफरोज खान छुई, राजेन्द्र चन्द्रवंशी जोरावारी, दिलीप साहू भोमा। ब्लॉक कांग्रेस सचिव अ.वाहिद खान भुरकंडी, श्रीमती संगीता रजक, जमुना प्रसाद चन्द्रवंशी कामता, श्रीमती सुमन साहू, श्रीमती विनीता परते, श्रीमती पुरंता इनवाती भटेखारी, अफरोज खान चुटका, नंदकिशोर बिसेन मेहरा पिपरिया। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) विवेकानंद भलावी। ब्लॉक सोशल मीडिया में दिपांशु डोये कान्हीवाड़ा का समावेश किया गया।

उगली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष गौरव बिसेन मोहबर्रा। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष उमेदसिंह ठाकरे झित्तर्रा, जगदीश भारद्वाज बेलगांव, शकुन्तला परते ढुटेरा। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव संतोष ठाकुर घूरवाड़ा, सुधीर मानेश्वर विभारी, नरेन्द्र पटले सारसडोल, राधेश्याम सोनी मोहगांव, डी.एस. तेकाम नसीपुर, भूनेश्वर देशमुख बरबसपुर। ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती जमना बाई साहू पांडीवाड़ा, श्रीमती शोभना देशमुख नेवरगांव, राजिक भारती पां.छपारा, भूपेन्द्र लोधी बावली, अनिल ठाकरे रूमाल, ऋषि राहंगडाले उगली, दीपक ब्रम्हे उगदीवाड़ा, श्रीराम राने घाटखरपडिया। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) राजदीप राहंगडाले उगली। ब्लॉक सोशल मीडिया अजय गढ़ेवाल खामी की नियुक्ति की गई।

केवलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल केवलारी। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष यशवंत सिंह पटेल खैररांजी, उमाप्रसाद ठाकुर पलारी, गिरीश गजेन्द्र सुकतरा। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव डॉ. रघुराज पैकडे अहरवाड़ा, रवि बघेल केवलारी, विष्णु शर्मा पलारी, मनीष अवस्थी केवलारी, निजाम खान गोपेवानी, चन्द्रकुमार ठाकुर बोथिया। ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती पुष्पलता डोंगरे कुम्हड़ा, श्रीमती हरिओमा बाई चैरापाठा, मूलसिंह उइके चरगांव, शेख खलील मंसूरी अहरवाड़ा, प्रदीप राय छींदा, जीतसिंह राजपूत खरसारू, प्रहलाद ठाकुर पुतर्रा, नारायण मर्सकोले मोहगांव। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) रफीक खान केवलारी। ब्लॉक सोशल मीडिया सुशील झारिया ग्राम अहरवाड़ा। धनौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष भीष्म कुमार जैन।

ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष धनीराम पन्द्रे बोरिया, लखनसिंह बेलिया धनौरा, धनंजय मिश्रा सुनवारा। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव श्रीमती बरखा बघेल मझगंवा, पंचम यादव गनेरी, अकबर खान सुनवारा, श्रीमती उर्मिला डेहरिया सुनवारा, रविन्द्र सिंह मरावी हरदुली, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास्तव सुनवाराखेड़ा, हीरामन साहू देवरीटीका, डॉ. सहजराम उइके दोंदावानी। ब्लॉक कांग्रेस सचिव हरगोविंद चन्द्रवंशी, श्रीमती शकुन बरकड़े मासूल, आसिफखान बरबसपुर, सतेन्द्र भलावी भुरकुंडी, श्रीमती शिवकुमारी उइके बारागौर, सतीष बघेल सुनवारा, अयुब खान बदहाई, अरविंद गुमास्ता देवरीटीका, नौमीलाल सैयाम पल्ला। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) गगन राय बम्होडी। ब्लॉक सोशल मीडिया गुलशन अहिरवार ग्राम नाईपिपरिया।

छपारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष उमाकांत सिंह राजा छपारा। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष एड़ संजय बैस, नितिन जैन, आफाक मो. खान। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव चन्द्रशेखर श्रीवात्री, शिवम भारद्वाज मोन्टू, राघवेन्द्र सिंह बघेल, रामेश्वरसिंह बबलू, दिनेश साहू, श्रीमती सुनीता धुर्वे खापा। ब्लॉक कांग्रेस सचिव ठा.उमाशरण सिंह, सतीष सिंह लड्डू, किशोर चन्द्रवंशी पायली, श्रीमती प्रीति सिंह ठाकुर, रामप्रसाद भलावी अकलमा, श्रीमती शशि इनवाती सुआखेड़ा। ब्लॉक मीडिया (प्रवक्ता) प्रदीप श्रीवास्तव एवं ब्लॉक सोशल मीडिया में श्यामसुंदर अवधिया छपारा का समावेश कर नियुक्ति की गई है।

## उपार्जन केंद्रों की अनियमितताओं पर कार्रवाई

### किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए समितियों और वेयरहाउस संचालकों को नोटिस जारी..

जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य के दौरान किसानों को बेहतर एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना लगातार उपार्जन केंद्रों की मॉनिटरिंग कर रही हैं। उनके निर्देश पर अधिकारियों द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया,***

जिसमें कई स्थानों पर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित समितियों एवं वेयरहाउस संचालकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को उपार्जन केंद्रों में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा तौल, भंडारण एवं परिवहन संबंधी व्यवस्थाएं पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संचालित हों।

निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कहानी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरघाट, सहकारी प्रक्रिया एवं विपणन संस्था मर्यादित बरघाट, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बीजादेवरी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चमारी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिलादेही, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चक्की खमरिया एवं सेवा सहकारी समिति चावड़ी के प्रबंधकों एवं उपार्जन केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त श्री अरिहंत वेयरहाउस बघराज, राधे वेयरहाउस गोरखपुर, आर.आर. एग्रो वेयरहाउस मटामा, महेंद्र वेयरहाउस तथा भदौरिया वेयरहाउस मोहगांव के संचालकों से भी जवाब तलब किया गया है।कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा है कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उपार्जन कार्य में लापरवाही या अनियमितता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित पक्षों से जवाब प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। खरीदी अवधि तक उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण लगातार जारी रहेगा।








कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की सभी नर्सिंग छात्राओं का नर्सिंग काउंसिल में हुआ पंजीयन

### कुलाधिपति दिवाकर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी मीडिया को जानकारी..

### कहा न्यायालयीन आदेश पर जल्द ही बीएचएमएस के विद्यार्थीयों का भी होगा पंजीयन..

### विश्वविद्यालयछात्र छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य हेतु प्रतिबद्ध - बोले दिवाकर सिंह



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले के एकमात्र विश्वविद्यालय सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की छात्राएं विगत 8 माह से नर्सिंग काऊंसिल में उनके ऑनलाईन पंजीयन नहीं होने के कारण सरकारी नौकरियों के अवसर से वंचित थी, तथा ऐसे में यूनिवर्सिटी से बीएससी नर्सिंग की 47 छात्राओं ने ओबीसी महासभा के नेता सौरभ लिल्हारे के नेतृत्व में विश्वविद्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके भविष्य से खिलवाड़ किये जाने के आरोप लगाए थे।***

इस संदर्भ में छात्राओं द्वारा 7 मई से आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन मामले में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की छात्राओं के आंदोलन से पहले ही नर्सिंग काऊंसिल द्वारा छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन कर दिया गया, और इस प्रकार सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की छात्राओं के चेहरों पर संतोष के भाव छलक पड़े, और इस तरह सरदार पटेल यूनिवर्सिटी पर लगाए गए आरोपों का भी सकारात्मक पटाक्षेप हो गया।

गौरतलब है कि इस तरह छात्राओं को हो रही परेशानियों का समाधान किये जाने के बाद आज 07 मई को सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के सभागार में कुलाधिपति इंजी. दिवाकर सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, और उन्होंने पुरे मामले में आ रही तकनीकि दिक्कतों की जानकारी देने के साथ ही छात्र छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की।

### बोले दिवाकर सिंह..

कुलाधिपति दिवाकर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि छात्राएं परेशान हो रही थी, क्योंकि निश्चित ही उनके सामने से शासकीय नौकरियों के अवसर निकले जा रहे थे, लेकिन इस मामले में कहीं भी किसी भी तरह से त्रुटी हमारे विश्वविद्यालय की नहीं बल्कि नर्सिंग काऊंसिल के सॉफ्टवेयर संबंधी और तकनीकि दिक्कतें थी, जिसका समाधान आखिरकार मान्यवर उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के समक्ष रखा, जिस पर उनके दिशा निर्देश पर नर्सिंग काऊंसिल द्वारा ‹प्राथमिकता के तौर पर छात्राओं की समस्याओं का समाधान करते हुए ऑनलाईन पंजीयन कर दिया गया, और इससे छात्राओं की सारी समस्याओं का समाधान भी हो गया।

### यह भी बोले दिवाकर सिंह..

कुलाधिपति दिवाकर सिंह ने आगे बताया कि नर्सिंग काऊंसिल के तकनीकि कारणों से सरदार पटेल यूनिवर्सिटी पर ऊंगलियां उठाई जा रही थी, जबकि मध्यप्रदेश विधानसभा में पारित होकर यूनिवर्सिटी का निर्माण किया गया था। लगभग 500 कोर्स इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे हैं, तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान दिये जाने के बावजूद हमारी कमियों को बताकर भ्रम की स्थितियां पैदा की जा रही थी, लेकिन हम बताना चाहते हैं कि हमारा विश्वविद्यालय छात्र छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है।

### बीएचएमएस के लंबित मामले पर भी बोले दिवाकर सिंह..

दिवाकर सिंह ने आगे पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि वर्ष 2017 के बीएचएमएस डॉक्टरों के स्थायी रजिस्ट्रेशन के मामले में भी हमारे द्वारा संचालित एमएस देव कॉलेज की ओर से सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी थी, लेकिन संचालनालय की ओर से कमियों के चलते मामले में न्यायालय में याचिका दायर की गई थी और अब यह मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। दिवाकर सिंह ने कहा कि आगामी कुछ ही दिनों में इस मामले की सुनवाई के बाद वर्ष 2017 के प्रोविजनल से स्थायी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व में तीन अन्य कॉलेजों के मामलों में निर्णय हो चुका है, केवल सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का निर्णय आना बाकी है।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिये लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

### फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 07 मई को जिला कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं श्री एम.आर. कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार श्री सुनील वर्मा, श्रीमती मंजुला महोबिया तथा अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान किरनापुर, बालाघाट एवं लांजी तहसीलों में प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित नहीं रहना चाहिए। नक्शा तरमीम कार्य की समीक्षा के दौरान तिरोड़ी एवं कटंगी तहसीलों की प्रगति कम पाए जाने पर कटंगी एसडीएम को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे इस कार्य की नियमित समीक्षा कर प्रगति में तेजी लाएं।

कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि राजस्व अभिलेखों का अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा प्रकरणों एवं विभिन्नं राजस्वर मदों की वसूली की भी गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरण अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किए जाएं। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा तीन माह की निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्र के तहसील न्यायालयों का नियमित निरीक्षण करें तथा तीन माह से अधिक समय से लंबित अविवादित बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट एसडीएम को निर्देशित किया कि भटेरा रेल ओवर ब्रिज निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा वितरण शीघ्र कराया जाए, ताकि ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके और आमजन को जल्द बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

# 15 मई को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में लगेगा सहायक उपकरण वितरण शिविर

### 1330 दिव्यांग एवं वृद्ध हितग्राहियों को वितरित किए जाएंगे 5571 सहायक उपकरण

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी 15 मई 2026 को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में विशाल सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में***

आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में जिले के 1330 चिन्हित हितग्राहियों को कुल 5571 सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। शिविर का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से होगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के उद्देश्य से 05 से 10 दिसंबर 2025 तक जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा, कटंगी, खैरलांजी एवं बालाघाट तथा नगर पालिका परिषद वारासिवनी, कटंगी और बालाघाट क्षेत्रों में एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत एलिम्को के माध्यम से विशेष चिन्हांकन शिविर आयोजित किए गए थे।

इन शिविरों में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों की आवश्यकताओं के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए पंजीयन एवं परीक्षण किया गया था। उन्होंने बताया कि एडिप योजना के अंतर्गत 332 दिव्यांगजनों तथा वयोश्री योजना के अंतर्गत 998 वृद्धजनों का चिन्हांकन किया गया था। इस प्रकार कुल 1330 हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार के 5571 सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इनमें कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र सहित अन्य उपयोगी उपकरण शामिल हैं, जो दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के दैनिक जीवन को सरल और सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

प्रशासन द्वारा संबंधित जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के चिन्हित हितग्राहियों को शिविर में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज एवं एलिम्को की पर्ची साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

पंचायत सचिवों एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्ड प्रभारियों को हितग्राहियों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें शिविर स्थल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। प्रशासन का मानना है कि सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजन एवं वृद्धजन अपने दैनिक कार्य स्वयं करने में सक्षम होंगे तथा उन्हें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे उनके जीवन में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सम्मानपूर्वक आत्मनिर्भर जीवन जी सकेंगे।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल का 09 मई को बालाघाट आगमन..

### रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल के सेवा कार्यों एवं नई परियोजनाओं को मिलेगा विशेष मार्गदर्शन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल 09 मई 2026 को आधिकारिक प्रवास पर बालाघाट पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के सदस्यों में उत्साह एवं गौरव का वातावरण बना हुआ है।***

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का यह दौरा क्लब के लिए विशेष महत्व का माना जा रहा है, क्योंकि इस दौरान क्लब की वर्तमान सेवा गतिविधियों की समीक्षा के साथ भविष्य की सामाजिक एवं जनहितकारी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी। अपने प्रवास के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित जायसवाल रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत बैठक करेंगे। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग निवारण तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों एवं जनकल्याणकारी अभियानों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी सत्र में समाजहित में और अधिक प्रभावी एवं स्थायी परियोजनाएं संचालित करने की रणनीति तैयार की जाएगी।



दौरे के दौरान क्लब की प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सदस्यता विस्तार, नए सेवा प्रकल्पों की संभावनाओं एवं रोटरी की वैश्विक सेवा भावना को अधिक मजबूत बनाने जैसे विषयों पर भी विशेष चर्चा होगी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर क्लब सदस्यों को नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं प्रभावी सेवा कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। 9 मई को प्रातः डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बालाघाट पहुंचकर रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष एवं अन्य डिस्ट्रिक्ट व क्लब पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान क्षेत्र में संचालित सेवा परियोजनाओं की समीक्षा कर आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।


रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन नितिन जैन एवं रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष रोटे संदीप असाटी द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का यह दौरा रोटरी के सेवा कार्यों को नई दिशा एवं ऊर्जा प्रदान करेगा तथा समाजहित में क्लब की सक्रिय भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाएगा।

रोटरी क्लब ऑफ़बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष रोटे संदीप असाटी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का यह प्रवास क्लब के लिए नई ऊर्जा, नई सोच एवं नई प्रेरणा लेकर आएगा। उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन से क्लब की सेवा परियोजनाओं को और अधिक व्यापक एवं प्रभावशाली स्वरूप मिलेगा, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता एवं सेवा पहुंचाने के उद्देश्य को मजबूती मिलेगी।

# एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन योग, फायरिंग और अग्निवीर पर किया गया व्याख्यान

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***06 म.प्र. बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वावधान में दस दिवसीय 95वें संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-95) का 07 मई को चौथा दिन था। इस दिन कैडेट्स को शारीरिक, मानसिक और सैन्य प्रशिक्षण के विविध आयामों से अवगत कराया गया। सर्वप्रथम दिन की***



शुरुआत पीटी, योग एवं प्राणायाम से हुई। प्रशिक्षक तनु काटेकर के नेतृत्व में कैडेट्स को योग-प्राणायाम के माध्यम से मन शांत करने और शरीर को लचीला बनाने के गुर सिखाए गए। इसके बाद पिछले दिन प्रारंभिक फायरिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कैडेट्स को भरवेली फायरिंग रेंज में .22 राइफल से फायरिंग का अभ्यास कराया गया। ड्रिल का गहन अभ्यास जो कि एनसीसी का प्रमुख हिस्सा होता है उसे कराया गया। साथ ही नियमित एनसीसी कक्षाओं का संचालन किया गया। जिन कैडेट्स की अगले दिन फायरिंग है, उन्हें शस्त्र संचालन एवं फायरिंग का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद शाम को एआरओ, जबलपुर से आए सूबेदार मनोज वत्स एवं हवलदार कर्री नारायण राव ने सेना में भर्ती प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अग्निवीर योजना के तहत योग्यता, चयन प्रक्रिया और एनसीसी प्रमाण-पत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया गया कि एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट धारक कैडेट्स को सेना भर्ती में विशेष लाभ मिलता है।

अधिकारियों ने कैडेट्स को सेना में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया। सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन के अंत में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। ब्रावो एवं चार्ली कंपनी के बीच वॉलीबॉल और रस्साकसी की रोमांचक प्रतियोगिताएं कराई गईं। इन गतिविधियों का संचालन एनसीसी अधिकारी श्रवण बोदेले, धिरेन्द्र दत्त आर्या एवं अन्य एनसीसी अधिकारियों तथा पीआई स्टाफके संरक्षण में किया गया।

# डोंगरिया में मेडिकल कॉलेज हेतु प्रस्तावित भूमि पर दावे-आपत्तियां आमंत्रित, 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत किए जा सकेंगे सुझाव एवं आपत्तियां

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट जिले की लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम डोंगरिया में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि चिन्हित की गई है। मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए कुल 10.883 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो बालाघाट-वारासिवनी मार्ग की दक्षिण दिशा में स्थित है। प्रस्तावित भूमि के संबंध में आमजन से 15 दिनों के भीतर दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए ग्राम डोंगरिया के विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि प्रस्तावित की गई है। इसमें खसरा नंबर 161/3/2 की 4.000 हेक्टेयर, खसरा नंबर 161/9 की 2.023 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 163/4/1/1/2 की 4.860 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

इस प्रकार कुल 10.883 हेक्टेयर भूमि मेडिकल कॉलेज परियोजना के लिए प्रस्तावित की गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रस्तावित भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या संबंधित पक्ष को कोई आपत्ति हो अथवा सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो वे निर्धारित 15 दिनों की समय सीमा के भीतर संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश भोपाल या सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय बालाघाट में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाले दावे, आपत्तियां एवं सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि उन्हें प्रस्तावित भूमि से संबंधित कोई तथ्य, सुझाव या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करें। जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मेडिकल कॉलेज स्थापित होने से जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में भी मदद मिलेगी।


॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है ।



वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# दो माह बाद भी नहीं जागा विभाग, बारिश सिर पर.. फिर भी परसवाड़ा - बैहर सड़क भगवान भरोसे..

**हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***परसवाड़ा-बैहर मुख्य मार्ग की जर्जर हालत अब लोगों के लिए परेशानी ही नहीं, बल्कि जान का खतरा बनती जा रही है। बारिश शुरू होने में मुश्किल से दो माह का समय बचा है, लेकिन सड़क पर न निर्माण दिखाई दे रहा है और न ही मरम्मत।***





हालात यह हैं कि 26 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रक्रिया की घोषणा के बाद भी सड़क आज भी गड्ढों, उखड़े डामर और धूल के गुबार के बीच दम तोड़ती नजर आ रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई और बयानबाजी तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर सड़क सुधार के नाम पर अब तक कुछ भी नजर नहीं आया। लोगों का कहना है कि विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## मरम्मत के नाम पर पहले भी हुई खानापूर्ति

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में सड़क की जो मरम्मत की गई थी, वह पूरी तरह औपचारिकता साबित हुई। बिना गड्ढों की सफाई और बिना मजबूत बेस तैयार किए सीधे डामर डाल दिया गया, जो कुछ ही दिनों में उखड़ गया। नतीजा यह हुआ कि सड़क पहले से ज्यादा खतरनाक हो गई। अब बारिश नजदीक है और सड़क पर बने गहरे गड्ढे पानी भरने के बाद मौत के कुंड साबित हो सकते हैं। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा खतरे में हैं।

## विधानसभा में गूंजा मुद्दा, फिर भी विभाग बेखबर..

परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने इस सड़क का मुद्दा विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाया था। विधायक के सवाल पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने सदन में कहा था कि परसवाड़ाङ्कबैहर सड़क के लिए लगभग 26 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सड़क विभाग की प्राथमिकता में है। लेकिन बजट सत्र खत्म हुए दो महीने गुजर चुके हैं। न टेंडर दिखाई दिया, न मशीनें पहुंचीं और न ही मरम्मत शुरू हुई। इससे अब लोगों का भरोसा सरकारी घोषणाओं से उठता जा रहा है।

## सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा, शासन को ठहराया जिम्मेदार..

सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर अब लोगों का गुस्सा सोशल मीडिया पर खुलकर सामने आने लगा है। राहगीर लगातार वीडियो और फोटो पोस्ट कर शासन-प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। लोग साफलिख रहे हैं कि यदि इस सड़क पर कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और संबंधित विभाग की होगी। कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जनता की जान से ज्यादा विभाग को फाइलों की चिंता है।

## जनप्रतिनिधी और अधिकारी खुद बदल रहे रास्ता..

स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों का अमला भी इस सड़क से गुजरने से बच रहा है। बैहर जाने के लिए अब कई लोग लिंगाङ्कठेमाङ्ककोरजाङ्कमजगांव मार्ग का सहारा ले रहे हैं। राहगीरों का कहना है कि जब जिम्मेदार लोग खुद इस सड़क से गुजरने से डर रहे हैं, तो आम जनता की मजबूरी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## टीएल बैठक के निर्देश भी बेअसर..

जिला कलेक्टर मृणाल मीणा ने टीएल बैठक में जिले की खराब सड़कों की मरम्मत जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे। उस दौरान कहा गया था कि बैहरङ्कदमोह, बैहरङ्कगढ़ी और बालाघाट मार्ग की मरम्मत के बाद परसवाड़ाङ्कबैहर सड़क पर भी काम शुरू होगा। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि परसवाड़ाङ्कबैहर मार्ग अब भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

## 'अब हादसे के बाद जागेगा विभाग?'..

ग्रामीणों और राहगीरों का कहना है कि यदि बारिश शुरू होने से पहले सड़क की मरम्मत या निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो यह मार्ग दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बन जाएगा। स्कूली बच्चे, मरीज, गर्भवती महिलाएं और रोजाना सफर करने वाले लोग सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ, तो जनता सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। लोगों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, सड़क पर काम चाहिए।

# परसवाड़ा में अतिक्रमण पर सख्त हुए एसडीएम, 33 केवी लाइन के नीचे लगी दुकानों को हटाने के निर्देश...

## बुधवार बैठकी बाजार की अव्यवस्था देख पैदल किया निरीक्षण, सड़क तक फैलने वाली दुकानों पर जताई नाराजगी.











**हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***नगर में बुधवार बैठकी बाजार के दौरान फैलने वाली अव्यवस्था और लगातार बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन अब सख्त नजर आने लगा है। गुरुवार को एसडीएम श्रीश प्याशी ने पंचायत एवं राजस्व अमले के साथ नगर का विस्तृत पैदल निरीक्षण कर बाजार व्यवस्था,***

सड़क अतिक्रमण और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। दोपहर 2 बजे की चिलचिलाती धूप में एसडीएम ने मुख्य मार्ग, बैठकी बाजार, बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, जनपद पंचायत क्षेत्र तथा सीएम राइज स्कूल परिसर तक पैदल भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि बुधवार बैठकी बाजार के दिन कई दुकानदार सड़क तक अपनी दुकानें फैला देते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होती है। बाजार में राहगीरों और वाहनों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर उन्होंने पंचायत कर्मियों को निर्देशित किया कि सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित किया जाए और बाजार की स्पष्ट सीमाएं तय की जाएं, ताकि आवागमन सुचारू बना रहे।

## 33 केवी बिजली लाइन के नीचे बनी दुकानों पर जताई गंभीर चिंता..

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीश प्याशी पावर हाउस के सामने पहुंचे, जहां टीनशेड डालकर कई दुकानें संचालित की जा रही हैं। दुकानों के ऊपर से 33 केवी बिजली लाइन गुजरने पर उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है और यदि कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा। इस दौरान पंचायत कर्मियों ने बताया कि संबंधित दुकानदारों को पूर्व में दो बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। कुछ दुकानदारों ने पूछताछ में बताया कि अधिकांश दुकानें केवल बुधवार बैठकी बाजार के दिन ही खुलती हैं, जबकि बाकी दिनों में बंद रहती हैं। बुधवार के दिन ये दुकानें सड़क तक फैल जाती हैं, जिससे बाजार क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति बन जाती है। एसडीएम ने इस पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सभी दुकानों में पुनः नोटिस चस्पा किए जाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए टीनशेड हटाए जाएं। उन्होंने परसवाड़ा पटवारी को निर्देश दिए कि बुधवार बाजार के दिन विशेष निगरानी रखी जाए और सड़क तक दुकानें लगाने वालों की सूची तैयार कर कार्रवाई की जाए।

## अस्पताल परिसर, जनपद कार्यालय और स्कूल क्षेत्र में भी देखा अतिक्रमण..

एसडीएम ने मुख्य मार्ग से पैदल भ्रमण करते हुए अस्पताल परिसर के आसपास फैले अतिक्रमण का निरीक्षण किया। इसके बाद वे जनपद पंचायत परसवाड़ा कार्यालय के सामने पहुंचे, जहां सड़क किनारे फैले अस्थायी अतिक्रमण को देखकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पुराने अस्पताल परिसर, राम मंदिर प्रांगण तथा सीएम राइज स्कूल के आसपास की स्थिति का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीएम राइज स्कूल में पुस्तकालय भवन के कमरों का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल और सार्वजनिक संस्थानों के आसपास साफ-सुथरा एवं सुरक्षित वातावरण होना आवश्यक है।

## बस स्टैंड और निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा..

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बस स्टैंड की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके से बस स्टैंड में यातायात और सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की। साथ ही निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स के सामने फैले अतिक्रमण एवं अव्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## 'चरणबद्ध तरीके से हटेगा अतिक्रमण'..

मीडिया से चर्चा करते हुए एसडीएम श्रीश प्याशी ने कहा कि परसवाड़ा सहित आसपास क्षेत्रों में लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर में जहां-जहां सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किया गया है, वहां चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी। सबसे पहले बुधवार बैठकी बाजार की व्यवस्था सुधारी जाएगी, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और बाजार व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि नगर में सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण तैयार करना है। बाजार क्षेत्र में सड़क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान गायत्री सुधीर कुमरे, उपसरपंच भजनलाल उइके, जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, नरेंद्र पप्पू पटले, सचिव महेश मरकाम, श्रीश अवधिया, पटवारी अभय पटेल, पटवारी श्रीअचला, कोटवार दिलीप मेश्राम, पत्रकार हर्ष पाण्डेय, नरेंद्र पप्पू शरणागत सहित पंचायत एवं राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा।

# बैहर में जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य जारी..

## अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अर्पित गुप्ता के एचएलबी क्षेत्र में किया गया मकान सूचीकरण





**जगप्रेरणा बैहर।**

जनगणना-2027 के अंतर्गत बैहर नगर परिषद क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर श्री अर्पित गुप्ता के एचएलबी क्षेत्र में जनगणना दल द्वारा 07 मई को मकान सूचीकरण का कार्य संपादित किया गया। इस दौरान मकानों एवं परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारियों का संग्रहण कर अभिलेखों का अद्यतन किया गया। नगर परिषद बैहर के जनगणना प्रभारी श्री गजेंद्र सिंह मेरावी के निर्देशन में यह कार्य किया गया। मकान सूचीकरण कार्य में सुपरवाइजर श्री प्रवीण परासर तथा प्रगणक श्री सुनील कुमार घरड़े एवं श्री दीपक खांडेकर ने सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार जानकारी एकत्रित की गई।

अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से क्षेत्र में निवासरत परिवारों, आवासीय स्थिति एवं अन्य मूलभूत जानकारियों का संकलन किया जाता है। यह जानकारी भविष्य में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की योजना बनाने में उपयोगी सिद्ध होती है।

जनगणना दल ने आमजन से अपील की है कि वे मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणकों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सूचीकरण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हो।

## अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम का दौरा कार्यक्रम..

**जगप्रेरणा बिरसा।**

**मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह 08 मई को सुबह 10 बजे दमोह (बिरसा) में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।**

इसके बाद दोपहर 03 बजे बैहर तहसील के परियोजना कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में अनुसूचित जनजातियों के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही एक दिवसीय कार्यशाला एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे।

उसके बाद रात 08 व 09 बजे ग्राम धुर्रेमेटा बीजाटोला( मण्डई) व ग्राम टिंगीपुर (मलाजखंड) में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे रात 10 बजे पुनः दमोह लौटकर रात्रि विश्राम करेंगे।

# 09 मई को कटे होंठ एवं फटे तालु के बच्चों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

## चयनित बच्चों की होगी निःशुल्क सर्जरी..

## आने-जाने से लेकर भोजन एवं दवाइयों तक की रहेगी मुफ्त व्यवस्था..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय बालाघाट स्थित डीईआईसी (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) में 09 मई 2026, शनिवार को प्रातः 11 बजे से***

कटे होंठ एवं फटे तालु से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य जन्मजात इस समस्या से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क उपचार एवं सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराना है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. निलय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में ऐसे बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी, जो जन्म से कटे होंठ एवं फटे तालु की समस्या से पीड़ित हैं। जांच में ऑपरेशन के लिए फिट पाए जाने वाले बच्चों को उसी दिन इस्माइल ट्रेन फाउंडेशन के अंतर्गत चिन्हित अस्पताल दुबे सर्जिकल एंड डेंटल हॉस्पिटल, जबलपुर भेजा जाएगा जहां उनकी निःशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित बच्चों के उपचार हेतु आने-जाने की सुविधा, भोजन, रहने की व्यवस्था, सर्जरी एवं दवाइयों की संपूर्ण व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी तथा बच्चों को सामान्य जीवन जीने में मदद मिलेगी। डॉ. निलय जैन ने जिले के आमजन से अपील की है कि जिन बच्चों को जन्मजात कटे होंठ एवं फटे तालु की समस्या है, वे इस विशेष शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएं और अपने बच्चों का निःशुल्क उपचार कराएं। शिविर के सफल आयोजन की जिम्मेदारी जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आरबीएसके श्री राजाराम चक्रवर्ती को सौंपी गई है। अधिक जानकारी एवं संपर्क हेतु इच्छुक व्यक्ति श्री राजाराम चक्रवर्ती, जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक, डीईआईसी जिला चिकित्सालय बालाघाट से मोबाइल नंबर 7999772423 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जिले के किसानों के लिए सुनहरा मौका: हरी खाद से सुधारें खेतों की सेहत..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध जिले में लगातार रासायनिक खादों के प्रयोग और धान-गेहूं फसल चक्र के कारण मिट्टी की उर्वरता घटती जा रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए कृषि विभाग ने जिले के किसानों को हरी खाद (त्रह्लद्गद्गठ्ठ रूड्ठठ्ठह्वह्म्) अपनाने की सलाह दी है।

## बालाघाट की मिट्टी के लिए क्यों जरूरी?

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय नें बताया की जिले की मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ाने और धान में बेहतर पैदावार के लिए हरी खाद सबसे सस्ता और प्रभावी माध्यम है।

छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह तकनीक यूरिया और डीएपी पर होने वाले खर्च को 25त्न से 30त्न तक कम कर सकती है।उन्होंने बताया की जिले के कई क्षेत्रों में मिट्टी सख्त हो रही है। ढैंचा या सनई की पलटाई से मिट्टी भुरभुरी होती है, जिससे धान की जड़ों का विकास बेहतर होता है। इसके अलावा हरी खाद के उपयोग से खेत की नमी सोखने की क्षमता बढ़ती है, जो मानसूनी खेती में बेहद सहायक है।

## बुवाई और प्रबंधन का सही समय

उपसंचालक श्री मालवीय नें बताया की वर्तमान समय मई-जून इसकी बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त है। प्री-मानसून बारिश के साथ ही ढैंचा या सनई की बुवाई कर दें। लगभग 45 से 50 दिन बाद, जब फसल में फूल आने लगें, तब इसे रोटावेटर या हल चलाकर खेत की कीचड़ में ही मिला दें। हरी खाद दबाने के 10-12 दिन बाद धान की रोपाई शुरू की जा सकती है।

## कृषि विभाग की अपील

कृषि विभाग ने जिले के समस्त कृषकों से अपील की है कि टिकाऊ खेती और बेहतर मृदा स्वास्थ्य के लिए इस वर्ष अपने खेतों के कम से कम एक हिस्से में हरी खाद का प्रयोग अवश्य करें। 'स्वस्थ धरा, खेत हरा' के संकल्प के साथ हम अपने जिले की कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।












जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


## कटंगी पुलिस की बड़ी कार्रवाई धान और लाख चोरी के मामले में पांच आरोपीय गिरफ्तार..











जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र की बात की जाए तो पिछले करीब 2 साल से कटंगी थाना क्षेत्र में किसानों द्वारा के धान की चोरीया और व्यापारियों द्वारा के गोदाम से लाख की चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी वहीं लोगों द्वारा कटंगी थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी***

जिसमें दो मामले धान चोरी के और लाख चोरी के 2025 के हैं और एक मामला 2026 का है इन चोरियों के मामले में कटंगी पुलिस को सफ्लता हाथ लगी है कटंगी पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और कटंगी न्यायालय में पेश किया गया कटंगी न्यायालय द्वारा पांचो चोरों को जैल भेज दिया गया है वही कटंगी पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों के पास से 436000 नगद और काफी मात्रा में स्त्रद्धड्डठ्ठ और लाख बरामद किया गया है कटंगी पुलिस एसडीओपी के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में कटंगी पुलिस को सफ्लता हाथ लगी है वहीं चोरी के मामले में कटंगी पुलिस द्वारा आरोपी जागेश्वर पिता दुलीचंद बघेल जाति पवार उम्र 47 साल निवासी बागडोगरी थाना उगली जिला सिवनी, आरोपी शहजाद पिता अब्बास कुरैशी जाति मुसलमान उम्र 32 वार्ड नंबर तेरा वारासिवनी जिला बालाघाट, आरोपी राहुल विजय बुरे जाति ढीमर उम्र 23 वार्ड नंबर 4 वारा सिवनी बालाघाट, आरोपी अभय पिता राजेंद्र सहारे सहारे उम्र 22 जाती बिंझवार वार्ड नंबर 4 वारासिवनी, आरोपी बादल पिता फागूलाल मेश्राम उम्र 22 वार्ड नंबर 4 वारासिवनी बालाघाट पांचो आरोपियों के ऊपर कटंगी पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 425 ऑब्लिक 25 धारा 305 (ए), 331 (4) बीएन एस, अपराध क्रमांक 452 ऑब्लिक 25 धारा 303 (2), 3(5) बी एन एस, अपराध क्रमांक 153 ऑब्लिक 26 धारा 331 (4), 305 (ए), 3 (5) भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## भाजपा कार्यालय मे जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता मे नगर मंडल की विशेष बैठक संपन्न

### ग्रामीण कार्यकर्ताओ ने पार्टी विरोधी गतिविधी मे लिप्त दो चार लोगो की नामजद करायी शिकायत दर्ज








जगप्रेरणा वारासिवनी।

***भाजपा कार्यालय मे आज प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देश पर नगर मंडल की विशेष मासिक बैठक आयोजित हुयी। जिसमे मुख्य अतिथी के रूप मे जिला प्रभारी माननीय अभिलाष मिश्रा,***

विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल,नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, जिला पदाधिकारी जीतेन्द्र मोहारे, जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जीतेन्द्र चैधरी जिला मिडिया प्रभारी,निरंजन बिसेन, संदीप मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

बैठक मे सबसे पहले अभिलाष मिश्रा ने कार्यकर्ताओ को पश्चिम बंगाल मे भाजपा की मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई प्रेषित करते हुये कहा की इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओ को ही दिया है। हमे संगठन के पदो पर रहते हुये जवाबदेही के साथ कार्य करना है। साथ ही यह भी याद रखना है की किसी भी चुनाव मे जीत या हार यह कार्यकर्ता की ही होती है। वारासिवनी क्षेत्र मे ईवीएम मशीन मे जीत दर्ज करने के कारण प्रदीप जायसवाल को ही वे अपनी नजर मे विधायक मानते है।

विधानसभा प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने स्पष्ट कहा की आज प्राय सभी राज्यो मे भाजपा की सरकार है। हम पश्चिम बंगाल भी जीत गये है। किंतू अगर अपने ही क्षेत्र मे हम चुनाव हारते है तो चंद लोगो के कारण पुरी टीम की मेहनत पर पानी फिर जाता है। लंबे समय से बालाघाट जिले मे भाजपा के मात्र दो ही विधायक चुनाव जीत रहे है। यह प्रदेश व राष्टीय संगठन के लिये सोचने का विषय है। हम आज भी बूथ जीतो चुनाव जीतो की निति पर संगठन के हिसाब से कार्य कर रहे है।

नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने मंडल के पदाधिकारीयो से अब सक्रिय होकर संगठन हित मे कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। साथ ही उन्होने सभी को जानकारी देते हुये बताया की दो बैठको मे जो अनुपस्थित रहेगे। उन्हे नियमानुसार नोटिस जारी किये जायेगे। वही तीसरी बैठक मे पुन अनुपस्थित रहने पर उनके पदो का दायित्व किसी और सक्रिय कार्यकर्ता को सौप दिया जायेगा।

बैठक समाप्ति के बाद कार्यकर्ताओ से चर्चा के दौरान कायदी सरपंच प्रतिनिधी जीतेन्द्र सिंह नगरगढे,सुनील बिसेन, आनंद बिसेन, शुभम जैन सहित अनेको प्रमुख कार्यकर्ताओ ने मे जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा को शिकायती स्वर मे नामजद जानकारी दी की पार्टी मे दो चार लोग स्पष्ट तौर पार्टी विरोधी कार्य कर रहे है। जिसके कारण सक्रिय कार्यकर्ताओ मे नाराजगी व्याप्त हो रही है। और इसका पुन असर आने वाले चुनावो मे पडने की पूर्ण संभावना है। अत इन लोगो पर कडक कार्यवाही अवश्य की जानी चाहिये।

आज बैठक मे विशेष रूप से मंडल के सभी पदाधिकारीगण,शक्ति केन्द्र प्रभारी,बूथ कमेटी अध्यक्षगण, संयोजक, सहसंयोजक, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, मोर्चा एवं संगठन के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## बालाघाट जिले के 119 ग्रामों में लागू की जा रही 'क्षीर धारा ग्राम योजना'..

### दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं ग्रामीणों की आय में वृद्धि के लिए अंतर्विभागीय समन्वय से चल रही योजना








जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से 'क्षीर धारा ग्राम योजना' का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।***

योजना के प्रथम चरण में बालाघाट जिले के कुल 119 ग्रामों का चयन किया गया है, जहां विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में संचालित इस योजना में पशुपालन विभाग के साथ कृषि विभाग, वन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

योजना के सफ्ल संचालन के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समन्वय समिति की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें योजना के क्रियान्वयन एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

वर्तमान में जिले के सभी विकासखंडों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंधक, पशुपालन विभाग के मैदानी अमले तथा संबंधित विभागों के अधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। बैठक में योजना के उद्देश्यों, क्रियान्वयन प्रक्रिया तथा ग्राम स्तर पर आवश्यक गतिविधियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

ग्राम स्तर पर भी सरपंचों की अध्यक्षता में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य, पशु सखी, मैत्री, गौसेवक एवं स्थानीय पशुपालक बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ ग्राम स्तरीय कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है, जिससे योजना का लाभ अधिक से अधिक पशुपालकों तक पहुंच सके। 'क्षीर धारा ग्राम योजना' के अंतर्गत चयनित ग्रामों में नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। योजना का उद्देश्य इन ग्रामों को आदर्श पशुपालन ग्राम के रूप में विकसित करना तथा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर ग्रामीणों की आय में स्थायी बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है।

इसके साथ ही गोबर एवं फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा देकर जैविक खाद एवं बायोगैस उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में हरे चारे की महत्त्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए पशुपालन एवं कृषि विभाग द्वारा चयनित पशुपालकों को चारा बीज किट उपलब्ध कराने की वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। वन क्षेत्रों में चारा विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिससे वन जैव विविधता संरक्षण एवं संक्रामक रोगों के नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

योजना के अंतर्गत 28 एवं 29 अप्रैल 2026 को वारासिवनी एवं लालबर्रा विकासखंडों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में व्यापक बैठकें आयोजित की गईं। इसी क्रम में 30 अप्रैल 2026 को लांजी विकासखंड में भी बैठक संपन्न हुई। ग्राम स्तर पर निरंतर बैठकें आयोजित कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को गति दी जा रही है।

समन्वित प्रयासों के माध्यम से संचालित 'क्षीर धारा ग्राम योजना' जिले में दुग्ध उत्पादन वृद्धि, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा तथा ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सशक्त पहल बनकर उभर रही है।

## जनगणना-2027 : शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 05 प्रगणक सम्मानित











### कलेक्टर श्री मीना ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में 01 मई से घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य निरंतर जारी है। यह कार्य 30 मई तक किया जाना है। बालाघाट तहसील के अंतर्गत कार्यरत पांच प्रगणकों ने अपने-अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी)***

का कार्य निर्धारित समय में शत-प्रतिशत पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन प्रगणकों को 07 मई को प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री गोपाल सोनी भी उपस्थित रहे। जनगणना-2027 के प्रथम सात दिनों में एचएलबी-0039 पाथरवाड़ा के प्रगणक श्री वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्त्री2 ने 248 मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किया।

इसी प्रकार एचएलबी-00133 देवरी के प्रगणक श्री अशोक भगत द्वारा 239 मकानों, एचएलबी-0027 धापेवाड़ा की प्रगणक श्रीमती सीमा डहरवाल द्वारा 232 मकानों, एचएलबी-0132 देवरी के प्रगणक श्री देवेन्द्र वाकड़े द्वारा 232 मकानों तथा एचएलबी-0095 भालेवाड़ा के प्रगणक श्री दिलीप रहांगडाले द्वारा 247 मकानों की गणना का कार्य सफ्लतापूर्वक पूर्ण किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इन सभी प्रगणकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ संपादित किया है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य देश की विकास योजनाओं के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और सटीक आंकड़े शासन की योजनाओं को प्रभावी बनाने में सहायक होते हैं।

कलेक्टर श्री मीना ने जिले की जनता से अपील की कि जब जनगणना-2027 के लिए प्रगणक उनके घर पहुंचें, तो उन्हें सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य के सफ्ल संचालन में आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, जिससे जिले में यह कार्य सुगमता एवं समय सीमा में पूर्ण किया जा सके।

## 09 मई 2026 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

जगप्रेरणा कटंगी।

मान्नीय श्रीमान् प्रणेश कुमार प्राण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं मान्नीय सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के निर्देशन तथा शबाना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी के मार्गदर्शन में दिनांक 09 मई 2026 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें न्यायालय में लंबित आपराधिक, शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले एम.ए.सी.टी. (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, जल कर / बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर) सेवा मामले, जो सेवा निवृत संबंधी लोगों से संबंधित हैं, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामले तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रिलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जावेगा, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति न्यायिक मजिस्ट्रेट / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति शबाना खान ने आम जनता से अपील है कि न्यायालय में लंबित आपराधिक, शमनीय प्रकरण, परकाम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, वैवाहिक प्रकरण, जल कर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर) तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाये।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# रेत की किल्लत और बिजली समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन..





जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में एक ओर रेत की भारी किल्लत से शासकीय और निजी निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ती बिजली दरों और***

अघोषित बिजली कटौती ने आम जनता की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इन दोनों गंभीर समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार संजय बारस्कर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में रेत घाटों की निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण पूरे क्षेत्र में रेत का संकट गहराता जा रहा है। हालत यह है कि शासकीय निर्माण कार्यों के साथ-साथ निजी मकानों का निर्माण भी ठप पड़ गया है। सबसे अधिक परेशानी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को हो रही है, जिनके मकानों का निर्माण कार्य रेत के अभाव में अधूरा पड़ा हुआ है।

## बारिश के पूर्व निर्माण नहीं हुए तो बढ़ेगी परेशानी..

ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार बारिश से पहले अपने मकान पूरे करने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन रेत नहीं मिलने से उनका सपना अधूरा रह गया है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है और यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरे नहीं हुए तो लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को स्थानीय स्तर पर घाटों से सीमित मात्रा में रेत निकालने की अनुमति दी जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सकें।

## बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने की मांग....

ज्ञापन में बिजली समस्या को लेकर भी सरकार और बिजली कंपनी पर गंभीर सवाल उठाए गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एक तरफ घरेलू बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घंटों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे किसानों, छोटे व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में लगातार बिजली गुल रहने से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, साथ ही किसान भी बिजली की समस्या से खासे परेशान हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि बढ़े हुए बिजली बिलों ने मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने, नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

## समाधान नहीं होने पर सड़क पर उतरेगी कांग्रेस..

ज्ञापन सौंपने पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। यदि जल्द ही रेत और बिजली संकट का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान सौरभ मोनू पशीने अध्यक्ष नगर कांग्रेस, मनीष जुझार अध्यक्ष विस युवा कांग्रेस, रेवाजी कर्राहटकरे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लांजी, दिनेश लाड़े सभापति जपं लांजी, शरद आसटकर अध्यक्ष विस युवा कांग्रेस, मुकेश रणदिवे पार्षद, अनमोल तिड़के, नरेश चौहान, चंद्रकांत किरनापुरे, योगेंद्र बबली मिश्रा, अशोक पालीवाल, लक्ष्मण कावरे, राजकुमार टांडेकर, विजय रामटेक्कर सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# दीवारों पर रंग बिरंगी पेंटिंग तक स्वच्छता अभियान, जगह, जगह फैली गंदगी खोल रही स्वच्छता की पोल









जगप्रेरणा लांजी।

***स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के नाम पर नगर परिषद लांजी लाखों रुपये खर्च कर दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग और आकर्षक स्लोगन लिखवा रही है,***

लेकिन शहर की नालियां भरी पड़ी हैं, कचरा जमा हो रहा है और सुबह-सुबह कचरे को आग लगाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। वार्डवासियों ने सवाल उठाया है कि क्या दीवारों पर स्लोगन और पाम्पलेट बांटने से शहर स्वच्छ हो जाएगा?

नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में वार्ड प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये प्रभारी वार्डवासियों से मोबाइल नंबर लेकर ऑनलाइन फीडबैक भर रहे हैं और ओटीपी के जरिए प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, एनजीओ के माध्यम से गीला-सूखा कचरा पृथक्करण का प्रचार किया जा रहा है। स्लोगन जैसे 'स्वच्छता ही सेवा' और 'एक कदम स्वच्छता की ओर' दीवारों पर चमक रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति दयनीय बनी हुई है।

## जमीनी हकीकत बयां करती तस्वीर..

शहर के गिने-चुने मुख्य मार्गों पर सुबह झाड़ू लगाई जाती है, लेकिन झाड़ू लगाते ही कचरे को किनारे करके आग लगा दी जाती है, जिससे सुबह-सुबह पूरा इलाका धुएं से भर जाता है। ज्यादातर वार्डों में ट्रैक्टर से कचरा उठाने का काम लंबे समय से बंद पड़ा है। जब पूछा जाता है तो जवाब मिलता है- 'ट्रैक्टर खराब है, या पानी सप्लाई में लगा हुआ है।'

स्वच्छता प्रभारी और वार्ड पार्षद वार्डों में जाकर स्थिति देखने की बजाय केवल फाइलों और ऑनलाइन फीडबैक तक सीमित रह गए हैं। नालियों की सफाई नहीं हो रही, मरम्मत का काम ठप है।

## वार्डवासियों की नाराजगी..

वार्डवासियों ने नगर परिषद पर 'स्वच्छता के नाम पर भ्रष्टाचार' का आरोप लगाया है। एक स्थानीय निवासी ने कहा,'दीवारों पर लाखों रुपये खर्च कर स्लोगन लिखवा रहे हैं, लेकिन नालियां भरी हुई हैं। बारिश में पानी घरों में घुस जाएगा। सिर्फ पेंटिंग और बैनर से शहर साफ नहीं होगा। लोगों की मांग है कि नालियों की तत्काल सफाई और मरम्मत कराई जाए तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा, 'जमीनी स्तर पर सफाई और रखरखाव पर ध्यान दो, तभी स्वच्छता अभियान सार्थक होगा।'

## प्रशासन की भूमिका पर सवाल..

नगर परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए व्यापक प्रचार किया जा रहा है, लेकिन मूलभूत सुविधाएं चरमरा रही हैं। कचरा प्रबंधन व्यवस्था ठप होने के बावजूद सर्वेक्षण के नाम पर मोबाइल नंबर और ऑनलाइन एंट्री का खेल चल रहा है। नागरिक पूछ रहे हैं कि जब बुनियादी सफाई व्यवस्था ही नहीं सुधर रही, तो सर्वेक्षण के दावे कितने सच्चे और प्रभावी हैं?

नगर परिषद प्रशासन से जब इस संबंध में प्रतिक्रिया मांगी गई तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। वार्डवासी अब जमीनी काम की मांग कर रहे हैं। सवाल उठ रहा है- क्या स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 सिर्फ कागजों और दीवारों तक सीमित रह जाएगा या शहर को वाकई स्वच्छ बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे?

# कारंजा समर कैंप में बच्चों ने दिखाई अपनी-अपनी प्रतिभा, अतिथि हुए मंत्रमुग्ध





जगप्रेरणा लांजी।

***स्थानीय बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन उत्साह, रचनात्मकता***

और संस्कारों के वातावरण के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। शिविर के समापन अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा मनमोहक प्रदर्शन किया कि उपस्थित अतिथि और अभिभावक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने की। इस समर कैंप में कारंजा सहित आसपास के 10 पोषक ग्रामों से आए 125 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विभिन्न कलाओं और गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह की शुरुआत घोष दल की सुमधुर प्रस्तुति और वैदिक मंगलाचरण के साथ हुई।

सात दिनों के प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, संगीत, नृत्य, वैदिक गणित एवं घोष वादन जैसी विविध विधाओं का अभ्यास किया था, जिसका प्रभावशाली प्रदर्शन मंच पर देखने को मिला। नन्हे विद्यार्थियों की कला, आत्मविश्वास और अनुशासन ने सभी अतिथियों को प्रभावित किया। अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रतिभा की खुलकर सराहना की।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने विद्यालय के छात्रावास के नवीन भवन निर्माण के लिए 51 हजार ईंटें दान करने की घोषणा कर सभी को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कारयुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने शिशुवाटिका के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने की भी घोषणा की और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति सदस्य शरद उपलप एवं डॉ. हितेश नागपुरे ने कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक शिविर बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और छिपी प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और संस्कारयुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष लालाराम नंदनवार, व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्यामराव राखडे, सदस्य मंशाराम बिलथरे, गौशाला समिति सदस्य अनीता अग्रवाल, धनीराम साउसकर सहित आचार्य परिवार, अभिभावक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र महारवाड़े ने किया, जबकि अंत में प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे ने सभी अतिथियों, समिति सदस्यों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर राजेश अग्रवाल के सौजन्य से सभी बच्चों के लिए अल्पाहार एवं मिष्ठान की व्यवस्था की गई। शांति मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ सात दिवसीय इस संस्कार एवं रचनात्मकता से भरपूर समर कैंप का विधिवत समापन हुआ।

# तथागत बुद्ध व बाबा साहब की प्रतिमा अनावरण एवं जयंती समारोह कार्यक्रम किरनापुर में आज..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेवती मे तथागत गौतम बुद्ध एवं विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा अनावरण एवं जयंती समारोह का आयोजन 8 मई 2026 दिन शुक्रवार को किया जाएगा।***

इस अवसर पर सुबह 9 बजे धम्म ध्वजारोहण कर धम्म रैली निकाली जाएगी। तथा सामूहिक पूजा वंदना कर मंचीय कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा।

तत्पश्चात् भोजनदान कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा एवं रात्रि 9 बजे से नागपुर के प्रसिद्ध कव्वाल स्वप्निल मेश्राम द्वारा शानदार कव्वाली प्रस्तुत की जाएगी। इस अवसर पर आयोजक समिति से सुखराम हुमने, कैलाश मेश्राम, राजेश बोरकर, सुरेश बोरकर, कमलेश बोरकर, संतोष बोरकर, शेखर बोरकर, सचिन, सागर बोरकर, विशाल, विनय, विकेश बोरकर, रविंद्र हुमने, अशोक हुमने, आनंदराव नागवंशी, राहुल मेश्राम, प्रदीप मेश्राम, घनश्याम मेश्राम, सत्यशीला हुमने, कृष्णा मेश्राम, हर्ष मेश्राम, प्रतीक वाहने, अंश हुमने, जयशीला बोरकर, दीपमाला मेश्राम, ज्योति हुमने, छाया बोरकर, वैशाली वाहने, प्रभा बाई बोरकर, मानती बाई हुमने, निकिता, जना बाई, आरवी, नैन्सी हुमने, श्रद्धा बोरकर, संगीता बाई नागवंशी, पूजा नागवंशी सहित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने आयोजित कार्यक्रमों मे समस्त क्षेत्रवासियों से उपस्थित होकर कार्यक्रमों का आनंद लेने की अपील की है।

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील किरनापुर जिला बालाघाट

रा.प्र.क्र. 0004/ड-154/ वर्ष 2026-27
साकिन - भालवा प.ह.न.33
रा.नि.म. माटे तहसील किरनापुर

**।। आम सुचना ।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेंद्र पिता हरिचंद जाति गढेंवाल निवासी ग्राम भालवा तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा अपने बड़े पिताजी रामचरण पिता मेहतर की मृत्यु दिनांक 11/04/2000 को ग्राम भालवा में मृत्यु हो जाने से मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोक सेवा केंद्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 15/05/2026 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थिति होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

तहसीलदार
तहसील किरनापुर

# बैहर में प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित..



जगप्रेरणा बैहर।

***बोर्ड की द्वितीय परीक्षा के निरीक्षण उपरांत शासकीय मॉडल स्कूल बैहर के सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्यामय की अध्य क्षता में बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा विकासखंड के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में विभिन्न शैक्षणिक एवं छात्रहित से जुड़े विषयों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में विद्यालयों में छात्र नामांकन की स्थिति, विद्यार्थियों को साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर विद्यार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा किसी भी पात्र विद्यार्थी को योजनाओं से वंचित न रखा जाए।

समीक्षा के दौरान कुछ विद्यालयों में नामांकन की स्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर संबंधित प्राचार्यों को विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के लिए बैठक स्थल पर ही विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण कराने एवं ऑनलाइन अपडेट करने संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में आईटी कोऑर्डिनेटर द्वारा प्राचार्यों एवं संबंधित कर्मचारियों को तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए विद्यार्थियों के नामांकन अपडेट कराने की प्रक्रिया कराई गई।

अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालय निर्धारित समय सीमा में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी छात्र की शैक्षणिक प्रक्रिया प्रभावित न हो। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि शिक्षा विभाग की प्राथमिकता प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है और इसके लिए विद्यालय स्तर पर सतत निगरानी एवं समन्वय आवश्यक है।

# प्रदेश में खरीफ फसलों की बोनी के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध..

## ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद की बुकिंग कर सकते हैं किसान..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश में खरीफ फसलों की बोनी को लेकर सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। राज्य में खाद का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।***

वर्तमान में प्रदेश में लगभग 6.40 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मीट्रिक टन एनपीके सहित कुल 5.13 लाख मीट्रिक टन डीएपी एवं एनपीके तथा 3.50 लाख मीट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति तय कार्यक्रम के अनुसार निरंतर एवं निर्बाध रूप से की जा रही है।

किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध खाद की जानकारी सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार तथा निजी दुकानवार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। किसान भाई अपनी आवश्यकता के अनुसार सोसायटी अथवा पसंदीदा दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद की बुकिंग कर सकते हैं और सुविधानुसार खाद प्राप्त कर सकते हैं। ई-विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान, मृतक किसान के वारिसान तथा धार्मिक संस्थान एवं ट्रस्ट की भूमि के लिए भी खाद उपलब्ध कराने की सुविधा दी गई है।

किसानों को खरीफ फसलों की बोनी के लिए अनुशंसित मात्रा के अनुसार यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी एवं पोटाश खाद एक बार में उठाने की सुविधा प्रदान की गई है। यदि किसान चाहें तो वे पोर्टल पर पुनः प्रक्रिया का पालन कर अपनी आवश्यकता अनुसार दोबारा खाद बुक कर सकते हैं। शासन ने किसानों से समय रहते खाद की बुकिंग कर बोनी की तैयारियां पूर्ण करने की अपील की है।

## ग्राम पंचायत - पल्हेरा, जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पल्हेरा जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 24/04/2026 से 15/05/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| निशा दशमेर | धनीराम खरखटे | नालेश्वर बागमोरे |

सहायक सचिव -प्रकाश सोनवाने एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पल्हेरा जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)

## ग्राम पंचायत - भुवा जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भुवा जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 24 /04/2026 से 15/05/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती गिता पंचाले | श्रीमती सुशीला बाई कुथे | दिलीप पटले |

सहायक सचिव -श्रीमती निर्मला पंचाले एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भुवा जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम, स्टाइपेंड व करियर विकल्प..

भारत में वर्तमान समय में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वकीलों के खिलाफहिंसा और धमकी के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। यह कानून न केवल वकीलों की सुरक्षा, बल्कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए जरूरी है।वर्तमान में इस अधिनियम की आवश्यकता के मुख्य कारण वकीलों पर बढ़ते हमले देश भर में वकीलों के खिलाफ मारपीट, डराने-धमकाने की घटनाएं बढ़ी हैं। वकील न्याय प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं। अपने मुवक्किल के अधिकारों के लिए बिना किसी डर के काम करने हेतु उन्हें विशेष सुरक्षा की आवश्यकता है, वकील सुरक्षित नहीं होंगे, तो वे स्वतंत्र रूप से बहस नहीं कर पाएंगे, जिससे निष्पक्ष सुनवाई प्रभावित होगी। अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम, वकीलों को उनके पेशेवर कर्तव्यों के दौरान हिंसा, धमकियों और उत्पीड़न से बचाने के लिए एक कानून है। इसका मुख्य उद्देश्य वकीलों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करता है।अधिवक्ताओं पर बढ़ते हमलों के कारण, यह कानून यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि वकील बिना किसी डर के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें और न्याय प्रणाली प्रभावी बनी रहे।इसके अतिरिक्त वकीलों को उनके करियर के शुरुआती दिनों में आर्थिक सहायता के रूप में दी जाने वाली एक निश्चित मासिक राशि भी प्रदान की जाए, यह बार काउंसिल ऑफइंडिया की सिफारिश पर शहरी क्षेत्रों में और ग्रामीण क्षेत्रों के जो वकीलों को स्वतंत्र अभ्यास शुरू करने तक वित्तीय स्थिरता प्रदान करे । वकालत के शुरुआती वर्षों में आय की अनिश्चितता और आर्थिक चुनौतियों से निपटना एक बड़ी चुनौती है, आम तौर पर पहली बार नामांकित होने के बाद कम से कम तीन वर्षों के लिए आर्थिक सहायता का प्रावधान हो।एलएलबी के बाद एडवोकेट के रूप में कोर्ट में प्रैक्टिस के अलावा भी कई बेहतरीन करियर विकल्प हैं, जिनमें अच्छा वेतन और सम्मान मिलता है। प्रमुख विकल्पों में कॉर्पोरेट वकील, न्यायिक सेवाएं , लीगल कंसल्टेंट, कानूनी पत्रकारिता, अकादमिक (शिक्षक) और एडीआर स्पेशलिस्ट (मध्यस्थता) शामिल हैं।एडवोकेट के लिए प्रमुख वैकल्पिक करियर अवसर कॉर्पोरेट वकील/लीगल ऑफिसर बड़ी कंपनियों में कानूनी सलाहकार या अनुपालन अधिकारी के रूप में काम करना।न्यायाधीश की परीक्षा देकर सिविल जज या मजिस्ट्रेट बनना।मध्यस्थ सुलहकर्ता या मध्यस्थ के रूप में अदालत के बाहर विवादों का निपटारा करना, कानूनी पत्रकारिता और लेखन कानून के मुद्दों पर रिपोर्टिंग, कानूनी ब्लॉगिंग या ड्राफ्टिंग, अकादमिक/ कानून के प्रोफेसर लॉ कॉलेज या यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर या लेक्चरर के रूप में पढ़ाना। लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग विदेशी लॉ फर्मों के लिए कानूनी अनुसंधान और दस्तावेज़ समीक्षा का कार्य।सहायक लोक अभियोजक या सरकारी कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य पेटेंट,कॉपीराइट और ट्रेडमार्क के मामलों के विशेषज्ञ।सामाजिक कार्यों और मानवाधिकारों के लिए कार्य करनाआदि कार्यो से समाज सेवा कर सकते है।

लेखक



**अधिवक्ता हिमांशु मुरकुटे**

## 'मैं इस्तीफा नहीं दूंगी' : क्या यह ब्यान संवैधानिक है या लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अतिक्रमण?..

भारतीय लोकतंत्र में राजनेताओं द्वारा दिये गये ब्यान केवल शब्द या अभिव्यक्ति नहीं होते, वे व्यवस्था की दिशा भी तय करते हैं और राजनेताओं का आचरण। जब माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैसा वरिष्ठ नेतृत्व विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी और स्वयं के हार के बाद यह वक्तव्य देता है कि 'मैं इस्तीफा नहीं दूंगी', तो यह एक साधारण राजनीतिक वक्तव्य नहीं रह जाता, बल्कि संवैधानिकता, नैतिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं पर गहन बहस का विषय बन जाता है।

भारत का शासन तंत्र संसदीय लोकतंत्र पर आधारित है और संविधान द्वारा संचालित। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री की वैधता विधानसभा में बहुमत से निर्धारित होती है। यदि किसी दल या गठबंधन के पास बहुमत नहीं है, तो वह सरकार बनाने का नैतिक और संवैधानिक अधिकार खो देता है।ऐसी स्थिति में या तो वैकल्पिक बहुमत सिद्ध किया जाता है या पद छोड़ना पड़ता है।इस दृष्टि से ÷बहुमत के बिना इस्तीफा न देने÷ का कथन या यूं कहें बहुमत वाले दल के लिए सत्ता हस्तांतरण हेतु पद न छोड़ने जैसे वक्तव्य संवैधानिक भावना के विपरीत प्रतीत होते हैं। भारत में इस तरह का ब्यान शायद अपने आप में पहला है।

संविधान केवल प्रावधानों का दस्तावेज नहीं, बल्कि संवैधानिक नैतिकता का भी आधार है।डॉ. भीमराव आंबेडकर ने स्पष्ट कहा था कि संविधान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे लागू करने वाले लोग कितनी ईमानदारी से उसका पालन करते हैं।ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है,क्या इस तरह के ब्यान देने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है?क्या यह जनादेश का अपमान नहीं है?

ममता दीदी पर मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान महामहिम राष्ट्रपति के प्रदेश आगमन पर उन्हें प्रोटोकॉल के अनुरूप सम्मान न देना, केन्द्रीय जांच एजेंसियों को सहयोग न करना, जांच में व्यवधान उत्पन्न करना,सघन मतदाता जांच का विरोध करना, चुनाव आयोग के अधिकारियों के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करना, समुदाय विशेष को लाभ पहुंचाना जैसे बहुत सारे आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं। इनमें कितने आरोप संवैधानिक रूप से सही है या नहीं यह न्यायलय का तय करना का विषय है।

इस पूरे प्रकरण का सबसे दिलचस्प और चिंताजनक पहलू विपक्षी दलों की ममता दीदी के इस्तीफा न देने वाले ब्यान पर प्रतिक्रिया न आना है।जहाँ एक ओर समय-समय पर कई विपक्षी दल बार-बार यह आरोप लगाते रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में ÷संविधान खतरे में है÷, वहीं दूसरी ओर ममता दीदी के इस स्पष्ट बयान पर न तो विपक्षी दलों द्वारा अपेक्षित विरोध किया और न ही कोई समझाइश दी गई अपितु 100 सीटों की चोरी के आरोप का समर्थन कर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़े कर दिए, जबकि चुनाव में धांधली हुई या नहीं इसको तय करने के लिए न्यायालय, और उसकी शरण में जाना चाहिए यदि किसी प्रकार की आशंका है। चुनाव आयोग की हिंसा रहित निष्पक्ष चुनाव कराने के श्रम पर पानी फेरने से बचना चाहिए।ऐसा मौन समर्थन क्या भारतीय संविधान को खतरे में नहीं डालता? वास्तव में यह विरोधाभास कई सवाल खड़े करता है:क्या संविधान की चिंता केवल राजनीतिक सुविधा का विषय है?क्या संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का पैमाना दलगत आधार पर बदल जाता है?यदि एक ओर ÷संविधान खतरे में÷ का नरेटिव गढ़ा जाए और दूसरी ओर ऐसे बयानों पर चुप्पी साध ली जाए, तो क्या यह उस नरेटिव की विश्वसनीयता को कमजोर नहीं करता ?

लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि सिद्धांतों की निरंतरता का नाम है।जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों के लिए एक मानक और अपने सहयोगियों के लिए दूसरा मानक अपनाते हैं तो इससे लोकतांत्रिक विमर्श का स्तर गिरता है।इस संदर्भ में यह स्पष्ट होता है कि:संविधान की रक्षा का प्रश्न चयनात्मक नहीं हो सकता;लोकतांत्रिक मूल्यों की कसौटी सभी पर समान रूप से लागू होनी चाहिए।

मेरा ऐसा मानना है कि पश्चिम बंगाल की राजनीति से उठा यह मुद्दा राष्ट्रीय बहस का विषय बन चुका है।÷बहुमत हासिल न करने पर भी मैं इस्तीफा नहीं दूंगी÷ जैसा कथन-संवैधानिक रूप से संदिग्ध और लोकतांत्रिक दृष्टि से अनुपयुक्त प्रतीत होता है।

इसके साथ ही विपक्ष की चुप्पी यह संकेत देती है कि भारतीय राजनीति में सिद्धांतों की बजाय सुविधा का प्रभाव बढ़ रहा है। अंततः लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि-सत्ता या विपक्ष में कोई भी बैठे,सबके लिए संविधान सर्वोपरि रहे, और जनादेश का सम्मान अनिवार्य।

लेखक



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## 'जब हों प्रेम विवाह'..

प्रेम सहज प्रवृत्ति है,
इसको समझें आप।
प्रेम के सतत प्रवाह से,
मिटते जग के ताप।
जब तक मानव में भरा,
निज श्रेष्ठता का दंभ।
तब तक प्रेम न विकसता,
क्यों है नज़रिया तंग।
मन में विकसित अब करें,
समरसता के भाव।
जुड़ जाएँगे हृदय अब,
मिटेंगे सभी अभाव।
प्रेम की मधुर उड़ान को,
देने होंगे नव -पंख।
तभी खुशियाँ पाएँगे,
राजा हो या रंक।
प्रेम में जब मिल जाएगी,
भावना की तरंग।
हर ओर प्रसन्नता लाएगी,
ज्यों सुरसरि गंग।
प्रेम की सरसता साथ में,
जब हों प्रेम विवाह।
'यमुनेश्वरी' की कामना,
मिले मधुरिम राह।

रचनाकार



**वल्लभ यमुनेश्वरी**
**नैनपुर**

## समंदर की सल्तनत देखकर

घर की फाटक, घर की छत देखकर
करना मोहब्बत तो हैसियत देखकर।

स्वाभिमान की बातें सारी किताबी है
सब बिकता है यहां कीमत देखकर।

चाहता वो भी बहुत था मुझे, लेकिन
छोड़ गया मुझे वो मेरी लत देखकर।

बुरे हाल में मिलने से भी कतराते लोग
पुछते है तबीयत सब खैरियत देखकर।

एक जमाने में खुबियों से इश्क होता था
अब आता भी है प्यार तो दौलत देखकर।

मुझे इसलिए भी नदियों का ग़म नहीं है
वो आयेगी समंदर की सल्तनत देखकर।

लेखक



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**

## दशा महा दशा..


21 वीं श.26 साल में।
मानव अपनी।
पहचान।
खोते जा रहा है।
जब हम किसी।
अपने-अपनत्व।
जीवित को घर से।
बिदा करते थे।
प्रेम के आंसू निकलते थे।
अब तो किसी को।
छोड़ने की फुर्सत कहा है।
अब तो बच्चा।
मुर्हुत देख आपरेशन से आता है।
मुर्हुत देख अस्पताल से जाता है।
याने दोनों में।
रुपया खर्च करता है।
पहले रुपया जोड़ कर जाता था।
सम्पत्ति बचाता था।
अब सब अस्पताल में।
देकर जाता है?

लेखक



**आचार्य डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 119



ck;ı lı nk;ı ।& 1) साड़ी का पल्लू 3) देश की सीमा 5) बिना पूर्व सूचना के, एकाएक 8) उपासना 11) पते या प्रमाण के लिए दिया उल्लेख 12) अर्थसहित 13) महापुरुष, महोदय 14) पुराणों के अनुसार पापी लोगों का मरणोपरान्त फल भोगने का स्थान 16) अंजन 17) क्रम से चौथा 18) निर्धन, गरीब 20) कोई तुच्छ वस्तु 21) चंद्रमा का सोलहवां भाग, हुनर 23) लोक जागृति, लोक चेतना 26) नृत्य कराना, इधर उधर दौड़ाना 29) प्रजा, राज्य के लोग 33) सभा का मुखिया 34) अनुकरण, लेख आदि की प्रतिलिपी 35) कुछ पाने की इच्छा, उम्मीद 36) समय, उपयुक्त अवसर 38) मृतदेह 39) नुकसान, नष्ट होना 40) राज, गुप्त बात 42) तृष्णा, प्रबल कामना 43) धारण करनेवाला 44) प्रवास, यात्रा 46) कठिन, मुश्किल, भयंकर 49) भग्न, खंडित हुआ 50) जो टेढ़ा न हो, सीधा 51) नगरपालिका, मार्ग 52) अन्य, अतिरिक्त 54) बायां 55) टंटा, बखेड़ा, कठिनाई 58) धोखा देकर पैसे लुटनेवाला, धूर्त 59) बाल्यावस्था, चंचलता 61) इस प्रकार हिलाना जिससें उस पर पड़ी हुयी दूसरी चीज गिर पड़े 63) शराब, मद्य 65) फाड़ा हुआ, तोड़ा हुआ 66) किसी धुन में बैठाये हुये स्वर 67) आच्छादित करवाना, शांत कराना 68) पीटना, ठोंकना, आघात पहुंचाना 69) कर्मचारियों की विशेष प्रकार की पोशाक 70) मां की माता 71) अखंड, जिसका कोई जोड़ न हो, अद्वितीय 73) दृश्यकाव्य का अभिनय करनेवाला, अभिनेता 76) वसुदेव पुत्र श्रीकृष्ण 79) तनने का भाव या क्रिया 81) वेश्या 83) शिथिलता, थकने का भाव 84) अपने मन के मुताबिक कार्य करना 85) गरदन, गला, बनानेवाला 86) वल्ली,, बेल 88) अभिनय करना 89) समाचार, संवाद 91) युद्ध के लिये पुकारना 93) वसीयत संबंधी लेख्यपत्र 94) प्राण, जीवन, अति प्यारी वस्तु 95) मृत्यु देवता 96) देश, राज्य 97) राय, विचार

ऊपर से नीचें :– 1) बहुत ही प्यारा होना इस अर्थ का एक मुहावरा 2) खेत का हरा भरा होना 3) सलाह देनेवाला 4) खलबली, धूम 5) आशय 6) जिसकी कमल के फूल के समान आंख हो वह 7) प्रेम, आसक्ती 8) आच्छादन, परदा 9) पैसेवाला, अमीर 10) स्त्री,, महिला 12) अर्थ युक्त 15) कमाई करना 19) एक कंद मुली 22) फायदेमंद, गुणकारक 24) हिन्दुओं के दस संस्कारों में से चौथा संस्कार 25) मणी,, जवाहिर 27) झूठी प्रशंसा या चापलूसी करनेवाला 28) विनाश करनेवाला 30) रात, रजनी 31) अवसर से लाभ उठानेवाला 32) वृत्त, समाचार, सूचना 33) सौ वर्षों का समूह 35) उम्मीद खत्म होना, निराश होना 37) जंगल से लकड़ी तोड़कर बेचनेवाला 41) जिद, अपनी बात पर अड़े रहना 45) नतीजा, ग्रहों के योग का परिणाम 46) निर्मल, निर्दोश, सुन्दर 47) अचानक आ धमकना 48) अक्ल, बुद्धि, समझने का भाव 51) देखभाल, निरीक्षण 53) फिसलाहट, दौड़ 55) झनकार, झनझनाहट का स्वर 56) ऊंचे स्थान से गिरनेवाला जलप्रवाह 57) बर्फ के नैसर्गिक शिवलिंग के लिये प्रसिद्ध जम्मु – कश्मीर स्थित देश की सबसे बड़ी गुंफा 60) किसी रियासत का मुस्लिम शासक 62) हरे और लाल रंग का एक फल 64) बड़ी बहन का संबोधन 65) अनाथ विधवाओं का पालन पोषण जहां होता है वह आश्रम 70) नौका, किश्ती 72) हल चलाकर जमीन की मिट्टी खोदना, किसी को जबरदस्ती काम में लगाना 73) शहर 74) दुर्भिक्ष, अशुभ समय 75) निरंतर, लगातार 77) मंदिरो में सेवा देनेवाली दासी, 78) अपरिचित, अनभिज्ञ 80) देवता से प्राप्त फल, आर्शीवाद 81) नगरसंबंधी 82) महाराष्ट्र के वारकरी संत संप्रदाय के एक अग्रणी संत, इन्होने पंजाबी भाषा में भी अभंग रचे थे 87) तालाब 88) बकरी, जन्म रहित 90) सौ 92) कार्य, कर्म (जवाब अगले अंक में ) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



apumeya-08446302691

## शब्द जाल

### ऋषी कपूर की हीरोइनें और फिल्में

इस शब्दजाल में ऋषी कपूरद्वारा नायक के रुप में अभिनीत कुछ फिल्मों के और कुछ हीरोइन के नाम छुपे हुये है। (कुल नाम 23) खोज सकते है आप उन्हे ?

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | दे | वी | डों | न | न | सी | ब | क | र्मा | मा |
| ज | ख्म | डि | म्प | ल | गि | सु | र | भी | म | धु |
| ह | दा | वा | मे | रा | ना | म | जो | क | र | री |
| रि | मि | ना | बा | ली | चां | नी | बों | भी | फू | दी |
| ला | नी | तु | सिं | ग | ग | द | र | बी | च | क्षि |
| इ | न्सा | न | स | र | ग | म | नी | रा | क्क | त |
| न्सा | र | ग | ज | नी | झ | ब | झु | का | र | र |
| न | ण | खे | ल | खे | ल | में | ठा | आ | ज | ति |
| शं | भू | म | न | प्रे | स | ड | क | र्ज | या | अ |
| ज | मी | र | म | या | कु | ब | हीं | ना | प्र | ग्नि |
| ल | आ | रो | प | म | वा | ली | का | श | दा | हो |
| वा | ग | मी | ना | क्षी | शे | षा | द्री | गा | य | त्री |

(इस पहेली का जवाब अगले अंक में)

## सू-डोकू- 119


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 7 | | 4 | 2 | | 6 | 3 | | 1 |
| 8 | 6 | 5 | | 1 | 3 | | 7 | 2 |
| | 7 | | 1 | 3 | | | 2 | 4 |
| 1 | | 9 | | 2 | 4 | | 5 | |
| | 8 | 2 | 6 | | | 1 | | 7 |
| | 2 | | | 6 | | 8 | 1 | 5 |
| 6 | | | | 8 | 2 | | 4 | |
| 9 | 4 | 8 | 5 | | 1 | 2 | | 3 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

I Mkd 118 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 6 | 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 7 | 3 | 1 | 8 | 6 |





# भारत की निगाहें अंडर-17 महिला एशियाई कप में इतिहास रचने पर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***एशिया की दो बड़ी टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अब शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में लेबनान के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मुकाबले में खेलने उतरेगी और उसे पता है***



कि इस मैच में जीत उसे पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह दिला सकती है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (0-2) और जापान (0-3) से हारने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मौके के रूप में अंतिम मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारत नॉकआउट चरण की दौड़ में बरकरार है क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से एक है।

भारत का गोल अंतर अभी -5 (माइनस 5) है जो ग्रुप सी की टीम फिलीपींस (-13) और चीनी ताइपे (-14) से बेहतर है। ये दोनों टीमें आखिरी मैच के दिन एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसका मतलब है कि अगर भारतीय टीम लेबनान को हरा देती है तो ग्रुप सी की किसी भी टीम को भारत के गोल अंतर को पीछे छोड़ने के लिए बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। इसके अलावा अगर बृहस्पतिवार शाम को वियतनाम और म्यांमा के बीच ग्रुप ए का मैच ड्रॉ पर खत्म होता है, या म्यांमा तीन से कम गोल के अंतर से जीतता है तो भारत अपनी जीत के साथ ही अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर लेगा, फिर चाहे ग्रुप सी का नतीजा कुछ भी हो।

भारत 21 साल बाद अपना पहला एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप खेल रहा है और उसके लिए ग्रुप चरण से आगे बढ़ना एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। भारत की मुख्य कोच पामेला कोंटी को उम्मीद है कि लेबनान के खिलाफ मुकाबला पिछले दो मैचों की तुलना में बिल्कुल अलग तरह की चुनौती पेश करेगा।

इटली की कोंटी का मानना है कि मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाना होगा क्योंकि क्वालीफाई करने के लिए दोनों ही टीम को जीतना जरूरी है। पश्चिम एशिया की टीम लेबनान इस टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रही है और उसने अपने अभियान की शुरुआत जापान से 0-13 की करारी हार के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-1 से शानदार ड्रॉ खेलकर एक अंक हासिल किया। भारतीय टीम को इस मैच की अहमियत का पूरा अंदाजा है। यह पीढ़ी दो दशकों से भी ज्यादा समय बाद भारत को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में वापस ला रही है और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की संभावना एक और मील का पत्थर साबित होगी।

यह साल भारतीय महिला फुटबॉल के लिए सीनियर, अंडर-20 और अंडर-17 तीनों ही स्तरों पर पहले से ही एक ऐतिहासिक साल रहा है। हालांकि इस साल की शुरुआत में सीनियर और अंडर-20 टीमें अपने वर्ग के टूर्नामेंट में शीर्ष आठ में जगह नहीं बना पाई थीं, लेकिन अब अंडर-17 टीम के पास यह कमाल कर दिखाने का सुनहरा मौका है। कोंटी ने कहा, 'अगर हम क्वालीफाई कर लेते हैं तो यह हर किसी के लिए और पूरे देश के लिए एक जबरदस्त उपलब्धि होगी। हमारा पूरा ध्यान देश को यह खुशी देने पर है। मैं उम्मीद करती हूं कि स्टाफ के लिए, हमारे लिए और विशेषकर खिलाड़ियों के लिए ऐसा हो जाए।'

# संजय दत्त की बेटी त्रिशाला ने दिखाया गजब ट्रांसफॉर्मेशन, सिर्फ 5 हफ्तों में बदला चेहरे का लुक, बताया फिटनेस का राज...

डेस्क जगप्रेरणा।

***संजय दत्त की बेटी त्रिशला दत्त अक्सर अपनी निजी जिंदगी और फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। हालांकि वे फिल्म जगत की चकाचौंध से दूर न्यूयॉर्क में बस गई हैं, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए वे अपने प्रशंसकों के साथ लगातार जुड़ी रहती हैं।***




हाल ही में त्रिशला ने अपनी फिटनेस यात्रा का एक ऐसा पहलू साझा किया है, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। उन्होंने अपनी दो तस्वीरों के जरिए केवल 5 हफ्तों में हुए फेशियल ट्रांसफॉर्मेशन को दिखाया है, जिसे देखकर फैंस दंग रह गए हैं।

## 5 हफ्तों का चमत्कारी बदलाव..

त्रिशला दत्त ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक कंपेरिजन पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने दो अलग-अलग समय की तस्वीरें दिखाई। पहली तस्वीर 28 मार्च 2026 की है और दूसरी 3 मई 2026 की। इन दोनों ही तस्वीरों में उनके चेहरे की बनावट में जमीन-आसमान का अंतर साफ देखा जा सकता है। पहली फोटो में उनका चेहरा थोड़ा भारी और सूजा हुआ यानी ब्लोटेड नजर आ रहा था, जबकि मात्र 5 हफ्तों के अंतराल वाली दूसरी फोटो में उनका चेहरा काफी स्लिम, टोन्ड और शार्प दिख रहा है। इसे देखने के बाद कोई भी हैरान हो जाएगा।

## इस ट्रांसफॉर्मेशन के पीछे का राज..

त्रिशला ने इस बड़े बदलाव के पीछे किसी महंगी सर्जरी या ब्यूटी ट्रीटमेंट का हाथ होने के बजाय एक बहुत ही साधारण, लेकिन चुनौतीपूर्ण लाइफस्टाइल चेंज को कारण बताया है। उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी डाइट से चीनी या शुगर पोरशन को पूरी तरह से हटा दिया था। उनके अनुसार केवल 5 हफ्तों तक जीरो-शुगर डाइट फॉलो करने से उनकी इंसुलिन सेंसिटिविटी में जबरदस्त सुधार हुआ। इसका परिणाम यह हुआ कि उनके शरीर में वॉटर रिटेंशन हुआ है यानी शरीर से एक्स्ट्रा पानी निकल गया है। वह रिलीज हो गया और चेहरे की सूजन खत्म हो गई। त्रिशला ने यह भी स्वीकार किया कि पहले उन्हें लगता था कि चेहरे की सूजन केवल मेटाबॉलिक कारणों से होती है, लेकिन अब उन्होंने खुद अनुभव किया कि डाइट का इस पर कितना गहरा असर पड़ता है।

## त्रिशला दत्त की निजी जिंदगी और पृष्ठभूमि..

त्रिशला दत्त बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त और उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की इकलौती संतान हैं। ऋचा शर्मा का साल 1996 में ब्रेन ट्यूमर की वजह से दुखद निधन हो गया था, जिसके बाद त्रिशला की परवरिश उनके नाना-नानी के पास अमेरिका में हुई। पेशे से त्रिशला एक साइकोथेरेपिस्ट हैं और वे अक्सर मानसिक स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाती नजर आती हैं। अपने पिता संजय दत्त के साथ उनके संबंध बेहद मजबूत हैं और वे अक्सर अपनी मुलाकात की तस्वीरें साझा करती रहती हैं।

# यहां तो पूरी गंगा ही उल्टी बहने वाली है! ऑस्ट्रेलिया का पूर्व खिलाड़ी बनेगा इंग्लैंड टीम का सिलेक्टर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड को अपनी पुरुष टीम के नए नेशनल सिलेक्टर का ऐलान करना है जिसको लेकर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। अभी तक इस पद को उनके पूर्व खिलाड़ी ल्यूक राइट संभाल रहे थे,***



लेकिन एशेज सीरीज 2025-26 के दौरान पारिवारिक कारणों के चलते उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ईसीबी ने खाली हुए पद को लेकर कुछ नाम शॉर्टलिस्ट किए थे, जिसमें इस पद को संभालने के लिए जो नाम सबसे आगे आया है वह इंटरनेशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज मार्कस नॉर्थ का है जो सभी के लिए एक चौंकाने वाली बात जरूर है। वहीं उनकी इस पद पर नियुक्ति आगामी न्यूजीलैंड के खिलाफ जून महीने की शुरुआत में होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले हो सकती है।

## इंग्लैंड टीम के सिलेक्टर बनने पहले विदेशी बनेंगे मार्कस नॉर्थ..

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी मार्कस नॉर्थ ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद से पिछले काफी सालों से इंग्लैंड में हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के अगले सिलेक्टर बनने के लिए मार्कस नॉर्थ की टक्कर इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव फिन और डैरेन गॉफ से थी, जिसमें द टेलीग्राफकी रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने इन दोनों को पछाड़ दिया है।

मार्कस नॉर्थ ने इंटरनेशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए कुल 21 टेस्ट मैच खेले हैं तो वहीं फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वह इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में पांच क्लब का हिस्सा रह चुके हैं। अभी मार्कस नॉर्थ पिछले 8 सालों से डरहम काउंटी क्रिकेट के डायरेक्टर पद को संभाल रहे हैं जिसमें यदि वह सिलेक्टर के पद को संभालते हैं तो उन्हें इस पोजीशन से इस्तीफा दे देंगे।

## बेन स्टोक्स और हैरी ब्रूक के करीबी माने जाते हैं मार्कस नॉर्थ..

मार्कस नॉर्थ ने डरहम काउंटी क्रिकेट क्लब के डायरेक्टर पद को संभालने के साथ-साथ द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए भी काम किया है, जिसमें वह बेन स्टोक्स और हैरी ब्रूक के भी काफी करीबी माने जाते हैं। नॉर्थ ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जो 21 टेस्ट मैच खेले हैं उसमें उन्होंने 35.48 के औसत से कुल 1171 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतकीय पारियों के साथ चार अर्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। इसके अलावा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके बल्ले से 37 शतक देखने को मिले हैं जहां उन्होंने कुल 13764 रन बनाए हैं।

# बेटे की कब्र पर फूट-फूटकर रोईं एक्ट्रेस, बच्चों से न मिल पाने पर छलका दर्द, पति पर लगाए गंभीर आरोप..

डेस्क जगप्रेरणा।

***एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने अपने पति पीटर हाग के साथ चल रही तलाक की लड़ाई के बीच अपने दिवंगत बेटे शमशेर की कब्र पर जाकर उसे साफ करते हुए एक दिल को दहला देने वाला वीडियो शेयर किया है।***



इस सोशल मीडिया क्लिप में बॉलीवुड एक्ट्रेस को कब्र के सामने फूट-फूटकर रोते हुए देखा जा सकता है। पोस्ट के लंबे कैप्शन में उन्होंने अपने दिल का हाल भी बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा और इमोशनल नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती से लेकर एक मां होने के नाते झेले गए मानसिक आघात के बारे में खुलकर बात की।

## सेलिना जेटली ने पति पर लगाया गंभीर आरोप..

वीडियो के साथ लिखे कैप्शन में एक्ट्रेस सेलिना ने बताया कि पिछले कुछ हफ्ते उनकी जिंदगी के सबसे मुश्किल हफ्ते रहे हैं और उन्होंने इस पोस्ट को ऑस्ट्रिया में चल रही अपनी तलाक की सुनवाई से जोड़ा। उन्होंने अपने पति पर आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें बच्चों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने अपने अलग रह रहे पति पर आरोप लगाया कि वह उन्हें उनके बच्चों से मिलने नहीं दे रहे हैं और आगे कहा, 'ऑस्ट्रियाई जज के सामने दी गई जुबानी गारंटी के बावजूद, मेरे बच्चों को मुझे नहीं मिलने दिया गया।

मैं जिस इकलौते बच्चे से मिल पाई, वह मेरा बेटा शमशेर था, जिसकी कुछ समय पहले मौत हो गई। यह एक ऐसी मां की दिल तोड़ने वाली कहानी है, जिसने अपने बच्चों के जन्म के दिन से ही उनके लिए सब कुछ किया है।'

## सेलिना जेटली का छलका दर्द..

एक्ट्रेस ने लिखा, 'मेरे पास इस दिल दहला देने वाले वीडियो को शेयर करने के अलावा कोई और चारा नहीं था ताकि मैं दुनिया को एक मां के तौर पर अपना दर्द दिखा सकूं। पिछले कुछ हफ्ते मेरी जिंदगी के सबसे मुश्किल हफ्ते थे। मैं अपने तलाक की सुनवाई के लिए ऑस्ट्रिया में थी।' सेलिना ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने अपने पति के करियर को सहारा देने के लिए अपनी जिंदगी और काम छोड़ दिया था, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा था।

## शादी के बाद एक्ट्रेस का हुआ शोषण..

इसी पोस्ट में एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'मैंने अपना देश, अपने माता-पिता, अपना काम छोड़ दिया और भारत से दुबई, सिंगापुर, ऑस्ट्रिया, फिर दुबई और फिर से ऑस्ट्रिया चली गई... यह सब अपने पति के करियर को सपोर्ट करने के लिए किया।

मैंने अकेले ही अपने बच्चों की परवरिश की साथ ही उनके सपनों, उनके बार-बार जगह बदलने और उनके करियर की महत्वाकांक्षाओं में उनके साथ मजबूती से खड़ी रही और उस जिंदगी को भी संभाला जो हमने मिलकर बनाई थी। शादी और बच्चों के प्रति अपने समर्पण के बदले मैंने देखा कि मेरी संपत्ति मुझसे धीरे-धीरे छीन ली गई और मुझे हर तरह का मानसिक और भावनात्मक शोषण सहना पड़ा।'

## सेलिना जेटली का बॉलीवुड डेब्यू..

सेलिना और पीटर ने 2010 में शादी की और मार्च 2012 में उनके जुड़वां बेटे हुए। 2017 में सेलिना ने फिर से जुड़वां बेटों को जन्म दिया, जिनमें से एक की मौत 'हाइपोप्लास्टिक हार्ट कंडीशन' के कारण हो गई। सेलिना ने 2001 में 'मिस इंडिया' का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में आई फिल्म 'जानशीन' में फरदीन खान के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

# एक-दूसरे पर उंगली नहीं उठा रहे

# हम सब एकजुट होकर खेल रहे हैं: मिलर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी कोशिश में एकजुट बनी हुई है और***



टीम ने जानबूझकर किसी एक खिलाड़ी पर दोष मढ़ने से दूरी बनाए रखी है। बल्लेबाजी में लगातार नाकामियों और क्षेत्ररक्षण में महंगी गलतियों जैसे मुश्किल दौर से गुजरने के बाद दिल्ली कैपिटल्स अब लीग चरण के आखिरी दौर में 'हर हाल में जीत' वाली स्थिति में पहुंच गई है। अब उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे चारों मैच जीतने होंगे।

कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ मैच से पहले मिलर ने कहा, 'हम ऐसी स्थिति में हैं जहां हमने आपस में बात की है कि हम सब मिलकर खेल रहे हैं। जीत हो या हार, हम सब साथ हैं।'

मिलर ने कहा, 'और हमने जो कुछ भी किया है, उसके लिए हम एक-दूसरे पर बिल्कुल भी उंगली नहीं उठा रहे हैं। हम सब मिलकर इस चुनौती का सामना कर रहे हैं।'

इस बात पर जोर देते हुए कि टीम के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने का समीकरण अब बिल्कुल सीधा है, उन्होंने कहा, 'हकीकत यह है कि हमें चार मैच जीतने हैं। इसलिए अगर हम ऐसा कर लेते हैं तो हम खुद को एक अच्छी स्थिति में पहुंचा लेंगे।' दिल्ली की हालिया हार के बारे में बात करते हुए मिलर ने कहा कि टीम ने कुल मिलाकर खराब क्रिकेट नहीं खेला है, बल्कि अहम मौकों पर टीम से गलतियां हुई हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम बिल्कुल भी खराब क्रिकेट खेल रहे हैं। हम बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं, लेकिन मैच में कुछ ऐसे पल आते हैं जब हम एक टीम के तौर पर कुछ खास क्षेत्रों में खुद को निराश कर देते हैं।' अपने खुद के उतार-चढ़ाव भरे सत्र और अंतिम एकादश में मिले सीमित मौकों के बारे में बात करते हुए मिलर ने माना कि यह निराशाजनक रहा है लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह आईपीएल के समीकरणों को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा, 'मैच नहीं खेल पाना, निश्चित रूप से एक खिलाड़ी के तौर पर यह निराशाजनक होता है। आप हमेशा हर मैच खेलना चाहते हैं, लेकिन आईपीएल के नियम ही ऐसे हैं कि इसमें सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों को ही खेलने का मौका मिलता है इसलिए टीम के लिए सही संयोजन बनाना बहुत जरूरी हो जाता है।' दिल्ली कैपिटल्स का क्षेत्ररक्षण भी खराब रहा है, इस पर मिलर ने कहा, 'मैच में ऐसे पल आए जब हमने कुछ कैच छोड़े जो शायद मैच का नतीजा बदल सकते थे।' मिलर ने कहा कि अब टीम का पूरा ध्यान बाकी बचे चार मुकाबलों पर है। उन्होंने कहा, 'पिछले 10 मैचों में जो कुछ भी हुआ है, हम उससे मिली अच्छी बातों को ही साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन अगले चार मैच बहुत अहम हैं।'

# दर्द में अक्षय कुमार, काम से लिया ब्रेक

# शूटिंग के तुरंत बाद पहुंचे हॉस्पिटल, कराई आंखों की सर्जरी..

डेस्क जगप्रेरणा।

बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में शुमार अक्षय कुमार को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। निर्देशक अनीस बज्मी के साथ अपनी अगली फिल्म के 'केरलम' शेड्यूल को पूरा करने के तुरंत बाद अक्षय ने मुंबई के अस्पताल में पहुंचे, जहां उन्होंने आंखों की एक माइनर सर्जरी कराई। लगातार काम के दबाव और व्यस्त शेड्यूल के बाद अब अभिनेता स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए कुछ दिनों के छोटे ब्रेक पर रहेंगे। आखों में तकलीफहोने के चलते एक्टर ने सर्जरी कराने का फैसला किया।



## विजन करेक्शन के लिए हुई सर्जरी..

हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अक्षय कुमार की यह प्रक्रिया बुधवार सुबह, 6 मई को संपन्न हुई। यह एक छोटी सी सर्जरी थी जो मुख्य रूप से 'विजन करेक्शन' (दृष्टि सुधार) के लिए की गई थी। एक करीबी सूत्र ने मीडिया को बताया कि अक्षय ने अपनी आने वाली फिल्म का केरल शेड्यूल सफ्लतापूर्वक पूरा कर लिया था, जिसके बाद उन्होंने इस मेडिकल प्रोसीजर के लिए समय निकाला। सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है, ताकि वे जल्द से जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर काम पर लौट सकें।

## अनीस बज्मी और विद्या बालन के साथ फिर जमी जोड़ी..

अक्षय कुमार की यह आगामी फिल्म (जिसका शीर्षक अभी तय नहीं है) कई मायनों में खास है। इसमें उनके साथ विद्या बालन और राशी खन्ना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। अक्षय और विद्या की जोड़ी कई सालों बाद पर्दे पर वापसी कर रही है, जिसने अतीत में कई सफल फिल्में दी हैं। साथ ही, लगभग 15 साल के लंबे अंतराल के बाद अक्षय एक बार फिर निर्देशक अनीस बज्मी के साथ काम कर रहे हैं। हाल ही में अक्षय ने केरल से सेट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की थीं, जिसमें वे अपनी को-स्टार्स के साथ मस्ती करते नजर आ रहे थे।

## हिट फिल्मों की कतार..

58 वर्षीय अक्षय कुमार के लिए पिछला कुछ समय शानदार रहा है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी उनकी फिल्म 'भूत बंगला' ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़े। काम के प्रति उनके जुनून का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ब्रेक के बाद उनके पास प्रोजेक्ट्स की एक लंबी लिस्ट है। आने वाले समय में वे 'वेलकम टू द जंगल', 'हैवान', 'गोलमाल 5' और मराठी फिल्म 'वेडात मराठे वीर दौड़ले सात' जैसी बड़ी फिल्मों में दिखाई देंगे।

दूसरी तरफ, फिल्म की लीडिंग लेडी विद्या बालन भी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'राजा शिवाजी' को लेकर चर्चा में हैं। रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत यह ऐतिहासिक ड्रामा 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिलहाल, फैंस अक्षय कुमार के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं ताकि 'खिलाड़ी कुमार' एक बार फिर अपने उसी पुराने एक्शन और अंदाज के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर सकें।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# पार्सल सुविधाएं उन्नत बनाने को भारतीय डाक के लिए लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचा लाने की योजनाः सिंधिया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सरकार विकसित देशों के अनुरूप मौजूदा पार्सल सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिए भारतीय डाक के लिए लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचा योजना शुरू करने की तैयारी कर रही है।***




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और संचार राज्यमंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी के साथ नेहरू प्लेस डाकघर के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन करने के बाद सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि विश्व भर में ई-कॉमर्स का विकास डिजिटलीकरण के साथ हुआ है और आगे के विकास के लिए इस क्षेत्र को डाक नेटवर्क का उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा, ''जल्द ही, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से हमारे विभाग के साथ, हमारे परिवार के साथ, हम एक डाक लॉजिस्टिक अवसंरचना योजना लाने जा रहे हैं। इस पहल का मकसद मौजूदा पार्सल सुविधाओं को विकसित देशों क अनुरूप उन्नत बनाना है...।''

सिंधिया ने कहा कि भारतीय डाक प्रतिवर्ष 7.5 करोड़ पार्सल, 90 करोड़ पत्र वितरित करती है और डाकघरों में अब तक 2.12 करोड़ पासपोर्ट और लगभग 15 करोड़ आधार कार्ड प्रसंस्कृत किए जा चुके हैं।

मंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को योगदान देना होगा। सिंधिया ने कहा कि डाक सेवाओं में डाककर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और वे अपने-अपने क्षेत्रों में परिवारों से अच्छी तरह जुड़े होते हैं। मंत्री ने बताया कि डाकघर बचत बैंक में 40 करोड़ खाते हैं जिनमें लोगों ने कुल 23 लाख करोड़ रुपये जमा किए हैं।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि डाकघर भारतीय समाज के भावनात्मक और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और इस विशाल नेटवर्क को बंद करने के बजाय आधुनिक तकनीक और नई सेवाओं के माध्यम से पुनर्जीवित करना केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण है। उन्होंने कहा, ÷लंबे समय तक डाकघर केवल पत्र और पार्सल सेवा तक सीमित माने जाते थे, लेकिन आज डाकघर बहु-उद्देशीय जनसेवा केंद्र के रूप में विकसित हो चुके हैं। अब डाकघरों में बैंकिंग, बचत योजनाएं, आधार सेवाएं, पासपोर्ट सेवाएं और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आम नागरिकों को एक ही स्थान पर अनेक सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

पेम्मासानी ने कहा कि सरकार ने डाकघर आधुनिकीकरण में लगभग 5,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे ओटीपी आधारित डिलिवरी और तत्काल समय पर एसएमएस निगरानी शुरू हो सकी है। इससे डाक सेवाओं में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ी है।

उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय शक्ति का सबसे बड़ा रूप केवल सैन्य और आर्थिक ताकत ही नहीं है, बल्कि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में नागरिकों का विश्वास है। इसी के बल पर, 150 वर्षों की विरासत, 1.6 लाख डाकघरों, 4.5 लाख कर्मचारियों और हर गांव के साथ, भारतीय डाक विभाग यह साबित कर सकता है कि सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान आधुनिक, जवाबदेह और महत्वाकांक्षी हो सकते हैं।'

# जेवर हवाई अड्डा का वाणिज्यिक परिचालन अगले महीने से, इंडिगो की उड़ान से होगी शुरुआत..

नोएडा, (भाषा)।

***इंडिगो ने 15 जून से जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थित इस हवाई अड्डे से वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो जाएगा।***




इंडिगो इस हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली पहली एयरलाइन होगी। इंडिगो ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि पहले दिन की उड़ानें लखनऊ और बेंगलुरु के बीच होंगी। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को किया था।

इंडिगो ने कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थित इस तीसरे हवाई अड्डे से वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने वाली पहली एयरलाइन होगी। एयरलाइन के अनुसार, 15 जून को शुरू होने वाली उड़ानें लखनऊ-नोएडा-बेंगलुरु-नोएडा-लखनऊ मार्ग पर संचालित होंगी।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार, उड़ान 6ई 2278 लखनऊ से सुबह 7:05 बजे प्रस्थान करेगी और नोएडा में सुबह 8:05 बजे पहुंचेगी। वह सुबह 8:35 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना होगी और वहां सुबह 11:05 बजे उतरेगी।

वापसी की उड़ान (6ई 2279) बेंगलुरु से दोपहर 3.45 बजे रवाना होगी और शाम 6.20 बजे नोएडा पहुंचेगी। इसके बाद यह उड़ान शाम 6.55 बजे लखनऊ के लिए रवाना होगी और वहां रात आठ बजे पहुंचेगी।

इंडिगो ने कहा कि वह धीरे-धीरे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश भर के 16 से अधिक गंतव्यों से जोड़ने वाली सीधी उड़ानें शुरू करेगी, जिनमें बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे महानगरों के अलावा अमृतसर, चंडीगढ़, धर्मशाला, जयपुर, लखनऊ, नवी मुंबई, पंतनगर और श्रीनगर जैसे दूसरे और तीसरी श्रेणी के शहर शामिल हैं।

एयरलाइन ने बताया कि इन उड़ानों के लिए बुकिंग वेबसाइट, मोबाइल एप्लिकेशन और अधिकृत ट्रैवल भागीदारों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है।

इंडिगो के मुख्य रणनीति अधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि एयरलाइन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से परिचालन शुरू करने की घोषणा करते हुए काफी खुश है।

सिंह ने कहा, ''यमुना एक्सप्रेसवे पर रणनीतिक रूप से स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एनसीआर के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए नया प्रवेश द्वार होगा। जैसे-जैसे हम अपने परिचालन का विस्तार करते रहेंगे, किफायती, समय पर और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।''

इंडिगो ने कहा कि इस हवाई अड्डे के एक प्रमुख घरेलू विमानन केंद्र के रूप में उभरने की उम्मीद है और यह एकीकृत सड़क और रेल अवसंरचना के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच संपर्क को मजबूत करेगा।

# सोना 600 रुपये मजबूत, चांदी 7,000 रुपये चढ़ी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***स्थानीय बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। यह तेजी डॉलर में गिरावट और अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीदों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण आई है।***



अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक मांग में सुधार के कारण चांदी की कीमत 7,000 रुपये बढ़कर 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। यह लगातार चौथा दिन है जब चांदी की कीमतों में तेजी आई है।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गयी। बुधवार को सोने की कीमत 2,900 रुपये बढ़कर 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,55,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे दिन तेजी आई और यह 7,000 रुपये बढ़कर 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गयी। पिछले सत्र में चांदी की कीमत में 3,500 रुपये बढ़कर 2,54,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिका-ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर बनी उम्मीदों से कीमती धातुओं के बाजार में सकारात्मक माहौल बना रहा। इससे सोने की कीमतों में तेजी बनी रही।'' गांधी ने कहा, ''डॉलर में जारी कमजोर रुख से कीमती धातुओं को और सहारा मिला। डॉलर सूचकांक 98 के स्तर से नीचे रहा। अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए संभावित समझौते को लेकर बाजार में चल रही अटकलों के कारण डॉलर में आई गिरावट से मौद्रिक नीति में नरमी की संभावनाएं बनी हैं।''

बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.88 पर कारोबार कर रहा था।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे यह 97.97 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

वैश्विक बाजारों में, सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन बढ़त देखने को मिली। हाजिर सोना 0.9 प्रतिशत बढ़कर 4,734.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। हाजिर चांदी की कीमतें पांच प्रतिशत से भी अधिक बढ़कर 81.35 डॉलर प्रति औंस हो गईं।

लेमन के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, ''कीमती धातुओं की कीमतों में इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव में आई कमी है। ... इससे बाजार का माहौल बेहतर हुआ है।''

# ईसीएलजीएस 5.0 के तहत एसबीआई देगा 80,000 करोड़ रुपये तक का कर्जः चेयरमैन शेट्टी

मुंबई, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 'आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 5.0' के तहत अपने ग्राहकों को 70,000-80,000 करोड़ रुपये तक का कर्ज उपलब्ध करा सकता है।***




बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शेट्टी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पात्र ग्राहकों की पहचान हो चुकी है और नए दिशानिर्देशों के अनुरूप यह ऋणसुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ईसीएलजीएस 5.0 को मंजूरी दी थी, जिसके तहत कुल 2.55 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित कारोबारों को अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना है। योजना के तहत एयरलाइंस क्षेत्र के लिए अलग से 5,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जबकि शेष राशि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और अन्य पात्र उधारकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी।

शेट्टी ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट का असर व्यापक है और विभिन्न क्षेत्रों में इसके अप्रत्यक्ष प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने ईसीएलजीएस 5.0 को एक सक्रिय कदम बताते हुए कहा कि भले ही सभी इकाइयां इसका उपयोग न करें, लेकिन जरूरत पड़ने पर यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए निदेशक मंडल की मंजूरी और डिजिटल प्रक्रियाओं का एकीकरण जैसे मुद्दे अगले 8-10 दिनों में सुलझ जाने की उम्मीद है। इसके लिए 'जन समर्थ' पोर्टल के जरिए प्रक्रियाओं को लागू किया जा रहा है।

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई का आकलन है कि बैंकिंग प्रणाली में 1.1 करोड़ से अधिक लाभार्थी इस योजना से संभावित रूप से लाभ उठा सकते हैं। शेट्टी ने कोविड-19 के दौरान शुरू की गई इस योजना के पिछले चरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके तहत चूक की दर एमएसएमई क्षेत्र की औसत चूक दर से कम रही है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि योजना का आकार बैंकों के मौजूदा ऋण जोखिम और प्रभावित क्षेत्रों की संभावित मांग को ध्यान में रखकर तय किया गया है।

उन्होंने बताया कि नई योजना के तहत ऋण की अवधि चार वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई है, जबकि एयरलाइंस के लिए इसे सात वर्ष रखा गया है, क्योंकि इस क्षेत्र की रिकवरी अवधि अपेक्षाकृत लंबी होती है।

नागराजू ने कहा कि सभी एमएसएमई इस योजना के तहत पात्र हैं जबकि बिजली, दूरसंचार, चीनी और शैक्षणिक संस्थानों जैसे कुछ गैर-एमएसएमई क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है।

# रतन टाटा ट्रस्ट की बैठक पर रोक की याचिका पर तत्काल सुनवाई से उच्च न्यायालय का इनकार..

मुंबई, (भाषा)।

***बंबई उच्च न्यायालय ने सर रतन टाटा ट्रस्ट की आठ मई को प्रस्तावित बोर्ड बैठक पर रोक लगाने का अनुरोध वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया।***



मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ के समक्ष इस याचिका का उल्लेख किया गया था। इसमें ट्रस्ट की शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया गया था।

हालांकि न्यायालय ने तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को अवकाशकालीन पीठ के समक्ष याचिका दायर करने की छूट दी। उच्च न्यायालय शनिवार से ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए बंद हो रहा है।

यह याचिका ठाणे निवासी 61 वर्षीय सुरेश पाटिलखेड़े ने दायर की है। इसमें ट्रस्ट के ट्रस्टी को प्रस्तावित बैठक में किसी भी निर्णय को पारित या लागू करने से रोकने की भी मांग की गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह प्रतिष्ठित सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट महाराष्ट्र सार्वजनिक ट्रस्ट अधिनियम में 2025 में किए गए संशोधन का उल्लंघन कर रहा है, जिसमें 'आजीवन ट्रस्टी' की संख्या पर सीमा तय की गई है।

संशोधन के अनुसार, यदि ट्रस्ट के मूल दस्तावेज स्थायी या आजीवन ट्रस्टी की अनुमति नहीं देते हैं, तो ऐसे ट्रस्टी की संख्या कुल सदस्यों के एक-चौथाई से अधिक नहीं हो सकती। याचिका के मुताबिक, इस ट्रस्ट में कुल छह ट्रस्टी हैं, जिनमें जिम्मी नवल टाटा, जहांगीर एच सी जहांगीर, नोएल नवल टाटा, वेणु श्रीनिवासन, विजय सिंह और डेरियस खम्बाटा शामिल हैं।

याचिकाकर्ता के अनुसार, इनमें से तीन ट्रस्टी 'आजीवन ट्रस्टी' के रूप में कार्यरत हैं, जो कानून में निर्धारित सीमा के विपरीत है।

# पश्चिम एशिया संकट से लागत बढ़ने से शराब कंपनियां दबाव मेंः उद्योग..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में जारी संकट के चलते आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के बीच कैन एवं बोतलों की लागत बढ़ने से शराब उद्योग पर दबाव बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में उद्योग संगठनों ने राज्य सरकारों से शराब उत्पादों की कीमतों में उचित बढ़ोतरी की अनुमति मांगी है।***



भारतीय शराब कंपनियों के परिसंघ (सीआईएबीसी) और ब्रुअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने राज्यों से भारत में बने विदेशी शराब (आईएमएफएल), वाइन एवं बीयर की कीमतों में संशोधन की अनुमति देने और अंतरिम राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है। बीएआई ने कहा है कि बढ़ती लागत के असर को आंशिक रूप से कम करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को 15-20 प्रतिशत तक कीमत बढ़ाने की मंजूरी दी जाए।

बीएआई के महानिदेशक विनोद गिरि ने राज्य सरकारों को लिखे पत्र में कहा है कि पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष के कारण शराब उत्पादों के कच्चे माल की लागत में तेज बढ़ोतरी हुई है। कांच की बोतल लगभग 20 प्रतिशत बढ़ गई है, कार्टन की लागत लगभग 100 प्रतिशत तक बढ़ गई है, जबकि अन्य पैकेजिंग सामग्री 20-25 प्रतिशत तक महंगी हो गई है। वाणिज्यिक एलएनजी की कमी से कांच विनिर्माता दबाव में हैं और उनके सामने आंशिक या पूर्ण रूप से उत्पादन बंद करने की स्थिति आ गई है। बीएआई ने चेतावनी दी कि आने वाले समय में कांच और कैन की आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। एल्युमिनियम की बढ़ती कीमतों के कारण कैन की आपूर्ति में भी समस्या आई है।

उन्होंने कहा कि माल ढुलाई और लॉजिस्टिक लागत में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से आयात लागत और बढ़ गई है।

अंतरिम राहत के तौर पर बीएआई ने विनिर्माण शुल्क में प्रति बल्क लीटर (प्रति लीटर) तीन से पांच रुपये की कटौती किए जाने की भी मांग की है। दूसरी तरफ भारत में विदेशी शराब बनाने वाली कंपनियों और घरेलू शराब विनिर्माताओं के संगठन सीआईएबीसी ने भी राज्यों से मांग की है कि कारखाने से निकलते समय तय होने वाली आधार कीमत में संशोधन किया जाए।

सीआईएबीसी के महानिदेशक अनंत एस अय्यर ने कहा कि भारत के लिए आपूर्ति के प्रमुख केंद्र पश्चिम एशिया में अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति उद्योग में महंगाई का दबाव बढ़ा रही है।

उद्योग संगठन ने कहा कि फिरोजाबाद स्थित कांच उद्योग पर गैस आपूर्ति में कटौती का असर पड़ा है, जिससे विनिर्माताओं को महंगे स्पॉट एलएनजी या एलपीजी का सहारा लेना पड़ रहा है।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# केरल के मुख्यमंत्री का फैसला कांग्रेस आलाकामान करेगा, पर्यवेक्षकों ने पार्टी विधायकों से चर्चा की...



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीए की जीत के बाद राज्य के अगले मुख्यमंत्री के चयन पर विचार जानने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षकों मुकुल वासनिक और***

अजय माकन ने बृहस्पतिवार को पार्टी विधायकों और गठबंधन सहयोगियों के साथ बैठक की, जिसके बाद फैसला अब आलाकमान करेगा। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) ने एक प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को मुख्यमंत्री के चयन का अधिकार दे दिया। प्रस्ताव पारित होने के बाद, एआईसीसी पर्यवेक्षकों ने केपीसीसी मुख्यालय में विधायकों के साथ व्यक्तिगत बैठकें कीं ताकि नेतृत्व के मुद्दे पर उनके विचार जाने जा सकें।

पार्टी की प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी, राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नवनिर्वाचित विधायक बंद कमरे में हुई इस बैठक में शामिल हुए। बाद में, पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस नीत गठबंधन के घटक दलों के नेताओं से मुलाकात कर अगले मुख्यमंत्री के बारे में उनके विचार जाने।

फिलहाल, मुख्यमंत्री पद के लिए वी डी सतीशन, रमेश चेन्निथला और एआईसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। वासनिक ने सीएलपी की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत 'उल्लेखनीय' और 'ऐतिहासिक' है, इसलिए उत्सव का माहौल था। उन्होंने कहा, 'यह अत्यंत खुशी की बात है और इसी माहौल में बैठक हुई।' यह पूछे जाने पर कि एआईसीसी पर्यवेक्षकों के लिए केरल के अगले मुख्यमंत्री का चयन करना कठिन है या आसान, वासनिक ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, 'बैठक बहुत अच्छी रही। कांग्रेस विधायकों ने सबसे पहले सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया, जिसे केपीसीसी अध्यक्ष सनी जोसेफने पेश किया और मौजूदा सीएलपी नेता वी डी सतीशन ने इसका समर्थन किया। इस प्रस्ताव में कांग्रेस अध्यक्ष को अगले सीएलपी नेता का चयन करने का अधिकार दिया गया है।'

वहीं, माकन ने कहा, 'देखते हैं कि आगे क्या होता है।' उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व सभी विधायकों के साथ व्यक्तिगत रूप से चर्चा चाहता था। माकन ने कहा, 'हमने सभी विधायकों से बातचीत की। आज शाम हम दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। हम अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। हमें उम्मीद है कि जल्द ही कोई निर्णय लिया जाएगा। सभी ने फैसला नेतृत्व पर छोड़ दिया है।' बैठक के बाद, केपीसीसी अध्यक्ष सनी जोसेफ ने पत्रकारों को बताया कि प्रस्ताव की जानकारी एआईसीसी को दे दी गई है। उन्होंने कहा, 'पर्यवेक्षक नयी दिल्ली लौटकर आलाकमान को जानकारी देंगे, जिसके बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।' नयी दिल्ली रवाना होने से पहले, पर्यवेक्षकों ने यूडीएफ के अन्य घटक दलों, जिनमें आईयूएमएल और केईसी शामिल हैं, के नेताओं से भी मुलाकात की।

बैठक के बाद इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी के कुन्हालीकुट्टी ने यहां पत्रकारों को बताया कि इस मुद्दे पर पार्टी का रुख कांग्रेस नेताओं को बता दिया गया है।

मलप्पुरम विधानसभा सीट से भारी अंतर से जीत हासिल करने वाले कुन्हालीकुट्टी ने कहा, 'उन्होंने धैर्यपूर्वक हमारी बात सुनी और कहा कि वे इसकी सूचना दिल्ली में अपने आलाकमान को देंगे। हम दिल्ली से अगली सूचना का इंतजार करेंगे और जब वह आएगी, तो हम अपनी पार्टी में इस पर चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे।' आईयूएमएल के अलावा, केरल कांग्रेस (केईसी), केरल कांग्रेस (जैकब) और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के नेताओं ने भी पर्यवेक्षकों से मुलाकात की।

यूडीएफ ने 9 अप्रैल को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में 140 सीट में से 102 सीट हासिल कीं। गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने 63 सीट पर जीत दर्ज की है।

# यूक्रेन ने मांगा एकतरफा युद्धविराम, इधर रूस ने कीव पर कर दिया भीषण हमला; 27 लोगों की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***यूक्रेन द्वारा मॉस्को से एकतरफा युद्धविराम की मांग किए जाने के बीच रूस ने कीव पर भीषण हमला किया है। इस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 120 लोग घायल हुए हैं।***

यूक्रेनी अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि रूस ने आधी रात से शुरू हुए यूक्रेन के एकतरफा युद्धविराम की अनदेखी करते हुए रात भर दर्जनों ड्रोन से हमले किए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि यूक्रेन ने अपने ही युद्धविराम का पालन नहीं किया। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक रूसी क्षेत्रों, अवैध रूप से कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप और काला सागर के ऊपर 53 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए।

## क्रीमिया क्षेत्र में 5 लोगों की मौत..

इधर यूक्रेन ने भी रूस के कब्जे वाले क्रीमिया शहर पर बड़ा हमला किया। रूस द्वारा नियुक्त गवर्नर सर्गेईअक्सियोनोव ने बताया कि क्रीमिया के शहर झांकोई पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने मध्य रात्रि के ठीक बाद हताहतों की सूचना दी, लेकिन हमले के बारे में खुद 90 मिनट पहले ही पोस्ट कर दिया था। मॉस्को की तरफ से कोई आधिकारिक संकेत नहीं था कि वह कीव के युद्धविराम का सम्मान करेगा। रूस के पड़ोसी पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद युद्ध अब पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, ऐसे में शत्रुता में विराम की उम्मीद बहुत कम है। पिछले एक साल से अमेरिका के नेतृत्व वाले कूटनीतिक प्रयास युद्ध रोकने में नाकाम रहे हैं।

## रूस ने बरसाई मिसाइलें और ड्रोन..

यूक्रेनी आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि मंगलवार को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमलों में 27 लोगों की मौत हुई और 120 अन्य घायल हुए, जिनमें सभी आम नागरिक थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार इस युद्ध में अब तक 15,000 से अधिक नागरिक मारे जा चुके हैं। दोनों पक्ष लंबी दूरी के हमलों का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। लगभग 1,250 किलोमीटर लंबी फ्रंटलाइन पर रूस की बड़ी सेना यूक्रेन की ड्रोन-आधारित मजबूत रक्षा के खिलाफ धीमी लेकिन महंगी लड़ाई लड़ रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने रूस द्वारा इस सप्ताह के अंत में द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर विजय की 81वीं वर्षगांठ के अवसर पर दो दिन के युद्धविराम की घोषणा के बाद एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की थी। यूक्रेनी नेता ने कहा था कि युद्धविराम का कोई भी उल्लंघन सैन्य जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करेगा।

## यूक्रेन के एकतरफा युद्धविराम का यूरोप में स्वागत..

यूरोपीय अधिकारियों ने यूक्रेन के एकतरफा युद्धविराम के कदम का स्वागत किया था और इसे शांति समझौते के लिए तैयार होने का सद्भावना इशारा बताया था। यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबीहा ने कहा कि रूसी सेना ने रात भर 108 ड्रोन और तीन मिसाइलें दागीं, जिनके हमले बुधवार सुबह तक जारी रहे। सिबीहा ने **X** पर लिखा, 'मॉस्को ने एक बार फिर अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा समर्थित युद्धविराम की यथार्थवादी और उचित अपील को नजरअंदाज कर दिया।'

रूस का शुक्रवार और शनिवार को लड़ाई रोकने का प्रस्ताव युद्ध के दौरान विभिन्न त्योहारों के अवसर पर छोटे-छोटे एकतरफा युद्धविराम घोषित करने की पुरानी रणनीति का हिस्सा है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# सीजफायर के बीच अमेरिका ने ईरान के तेल टैंकर पर किया हमला, ट्रंप ने फिर दी बमबारी की चेतावनी..



डेस्क जगप्रेरणा।

***ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के बीच अमेरिकी सेना ने बुधवार को एक ईरानी तेल टैंकर पर हमला कर दिया है। इस कार्रवाई के साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर समझौते का दबाव बढ़ाते हुए चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो बमबारी फिर से शुरू हो सकती है।***

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, यह हमला ओमान की खाड़ी में हुआ, जब एक ईरानी तेल टैंकर अमेरिकी नाकाबंदी को तोड़कर बंदरगाहों की ओर जाने की कोशिश कर रहा था।

## 'युद्ध जल्द खत्म हो सकता है'..

कमांड के मुताबिक, एक लड़ाकू विमान ने टैंकर के रडर यानी कि दिशा नियंत्रित करने वाले हिस्से को निशाना बनाया। हालांकि इस समय ईरान और अमेरिका के बीच आधिकारिक रूप से 'सीजफायर' लागू है, फिर भी क्षेत्र में तनाव लगातार बना हुआ है। ईरान की सरकार ने कहा है कि वह अमेरिका के नए प्रस्तावों पर विचार कर रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि 2 महीने से चल रहा युद्ध जल्द खत्म हो सकता है और जंग के कारण रुकी हुई तेल और गैस आपूर्ति फिर से शुरू हो सकती है।

## 'अगर वे सहमत नहीं हुए तो...'

ट्रंप ने जंग को लेकर यह भी कहा कि यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि ईरान अमेरिका की शर्तें मानता है या नहीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए लिखा, 'अगर वे सहमत नहीं हुए तो बमबारी शुरू होगी। अगर समझौता नहीं होता है तो हम हमला करेंगे और यह पहले से कहीं ज्यादा बड़े स्तर और ज्यादा तीव्रता वाला होगा।' ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान के अधिकारी युद्ध खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हम उन लोगों से बात कर रहे हैं जो समझौता करना चाहते हैं, और हम देखेंगे कि क्या वे हमारे लिए संतोषजनक समझौता कर सकते हैं।'

# NEET का दबाव बना जानलेवा, पेपर बिगड़ने पर स्टूडेंट ने खा ली 20 नींद की गोलिया..



डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा से एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के कुन्हाड़ी इलाके में NEET परीक्षा का दबाव एक छात्र पर इस कदर भारी पड़ा कि उसने अवसाद में आकर आत्मघाती कदम उठा लिया।***

छात्र ने एक साथ 20 नींद की गोलियां निगल लीं जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## पेपर बिगड़ने से तनाव में था छात्र..

जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र पुत्र हरिराम प्रजापत पिछले करीब 6 महीनों से कोटा में रहकर **NEET** की तैयारी कर रहा था। हाल ही में हुए पेपर के बिगड़ने से मानसिक रूप से टूट गया था। परीक्षा के परिणाम और प्रदर्शन को लेकर वह लगातार तनाव में था। इसी तनाव ने उसे ऐसा खतरनाक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।

## 3 मेडिकल स्टोर से खरीदी थी गोलियां..

घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। जब छात्र ने कमरे में ही नींद की गोलियों का अत्यधिक सेवन कर लिया। कुछ समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। मकान मालिक को जैसे ही घटना का पता चला उन्होंने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तुरंत उसे एमबीएस अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। छात्र से जो पूछताछ की उसमें पता चला है कि 3 अलग-अलग मेडिकल स्टोर से इसने 20 टेबलेट गोलियां और सभी को खा लिया।

## छात्र के पिता ने क्या बताया?

छात्र के पिता हरिराम प्रजापत ने बताया कि उनके बेटे ने डिप्रेशन में आकर यह कदम उठाया। परिवार एक अन्य सदस्य ने बताया कि पुष्पेंद्र ने चौथी बार नीट की परीक्षा दी है। इससे पहले उसका सिलेक्शन बीडीएस के लिए हो गया था, लेकिन कुछ विवाद होने के चलते इसने दोबारा से कोटा जाकर ऑनलाइन क्लास लेकर तैयारी की और एग्जाम दिया था। कम नंबर आने का अंदेशा रहा होगा इसलिए उसने ऐसा किया।

## इमरजेंसी वार्ड में भर्ती है पुष्पेंद्र..

फिलहाल छात्र को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, जहां डॉक्टरों की टीम उसकी हालत पर नजर बनाए हुए है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार समय पर उपचार मिलने से उसकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# 26 साल की पायल और 19 साल की ज्योति

## दो नई मांओं की सिजेरियन के बाद मौत, 4 की हालत अब भी गंभीर..



डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के कोटा स्थित न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (NMCH) में सिजेरियन डिलीवरी के दौरान संक्रमित एक और महिला की गुरुवार सुबह मौत हो गई।***

वहीं, सिजेरियन डिलीवरी के बाद संक्रमित 4 अन्य महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए जयपुर स्थानांतरित किया जा रहा है।

## प्लेटलेटस गिरने लगी, यूरिन आना बंद..

सोमवार शाम को अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद कम से कम 6 महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। उनका ब्लड प्रेशर लो हो गया, प्लेटलेटस गिरने लगी और यूरिन आना बंद हो गया। उनमें से एक की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

## डॉक्टर ने क्या बताया?

कोटा के एनएमसीएच में अपर अधीक्षक डॉ. आर पी मीना ने बताया कि कोटा निवासी 19 वर्षीय ज्योति नायक की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान इंफेक्शन से मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह पांचों संक्रमित महिलाओं को गुर्दा रोग वार्ड में भर्ती कराए जाने के बाद से ज्योति की हालत सबसे गंभीर थी। गुरुवार को जब उनकी हालत और बिगड़ी तो उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि बाकी चार संक्रमित महिलाओं की हालत गंभीर है और उन्हें गुर्दा संबंधी गंभीर समस्या है।

## NICU में है नवजात..

डॉ. मीना ने बताया कि ज्योति पहली बार मां बनी थी और उसका नवजात शिशु, साथ ही चार अन्य हृष्ट में चिकित्सकीय निगरानी में हैं और सभी स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर के सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज से डॉ. निहार शर्मा (एनेस्थीसिया), डॉ. सुनील कुमार महावर (मेडिसिन), डॉ. पवन अग्रवाल (स्त्री रोग) और डॉ. संजीव कुमार शर्मा (गुर्दा रोग) सहित विशेषज्ञों की एक टीम बुधवार रात को कोटा पहुंची और संक्रमित महिलाओं के बेहतर इलाज के लिए यहां की मेडिकल टीमों के साथ समन्वय और सहायता कर रही है।

## पति बोला- जब तक न्याय नहीं मिलता, शव नहीं ले जाऊंगा..

इस बीच, ज्योति के परिजनों ने उसका शव लेने से इनकार कर दिया है और मेडिकल कॉलेज परिसर के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। पति रवि और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे। रवि ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी और पांच अन्य महिलाओं को दवा की गलत खुराक दी गई, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और दो महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा, ''जब तक न्याय नहीं मिल जाता, मैं उसका शव अंतिम संस्कार के लिए नहीं ले जाऊंगा।'

## 26 साल की पायल की मंगलवार को हुई थी मौत..

अस्पताल में सोमवार शाम को लगभग 12 गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन के जरिये डिलीवरी कराई गई और सर्जरी के 8-12 घंटे बाद, उनमें से 6 की हालत बिगड़ गई, उनके ब्लड प्रेशन, प्लेटलेट्स में गिरावट आई और यूरिन ना आने की समस्या हो गई। इन 6 महिलाओं को मंगलवार तड़के गुर्दा रोग वार्ड में भर्ती कराया गया। इनमें से एक महिला, जिसकी पहचान पायल (26) के रूप में हुई, की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## जांच रिपोर्ट का इंतजार..

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज का दौरा किया और प्रभावित महिलाओं के इलाज की जानकारी ली। इस बीच, कोटा जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया है और उनकी रिपोर्ट का इंतजार है।

# हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में दो नाबालिग भाइयों की डूबने से मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला स्थित देवमनल गांव के पास एक जलाशय में दो नाबालिग भाइयों की डूबने से मौत हो गई।***

पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह गांव नाहन से करीब 120 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। पुलिस के अनुसार, अयान (8) और उसका भाई अभिनव (9) अपने पिता के साथ मवेशियों को चराने के लिए जंगल गए थे। पुलिस ने बताया कि उनके पिता मवेशियों को ढूंढते हुए घने जंगल में चले गए और तभी दोनों बच्चे खेलते हुए पास ही में एक जलाशय में गिरकर डूब गए। पुलिस ने बताया कि बच्चों के पिता जब तक वहां वापस पहुंचे तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही संगड़ाह उपमंडल से पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए राजगढ़ जिले के एक अस्पताल ले जाया गया। संगड़ाह के उप-मंडल मजिस्ट्रेट सुनील कैंथ ने बताया कि नौहराधार के तहसीलदार को प्रभावित परिवार को तत्काल वित्तीय सहायता जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि बरसात के मौसम में नदी-नालों और जलाशयों के आसपास के क्षेत्रों में अत्यधिक सावधानी बरतें।






9284744867
9112026507
7006748047
मराठा स्पोर्ट्स
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकडे सालेकसा
मो. 9049200353

## हम भारत की जनगणना 2027 का काम करने तैयार..

# सालेकसा में प्रशिक्षण के बाद प्रगणक एवं पर्यवेक्षको मे आत्मविश्वास..

राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।

*भारत सरकार द्वारा देशभर में जनगणना 2027 की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह भारत की 16वीं और पहली डिजिटल जनगणना होगी। महाराष्ट्र राज्य में घरसूची एवं गृहगणना का कार्य शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है*





सालेकसा शहरी एंव ग्रामीण में जनगणना के लिए ग्रामीण चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में तहसीलदार नरसय्या कोडागुर्ले मुख्याधिकारी प्रमोद कांबळे की नियुक्ति की गई है। शहर में करीब 35 प्रगणक एवं पर्यवेक्षको की नियुक्ति की गई हैं तो सालेकसा ग्रामीण के लिये करीब 144 प्रगणक एवं पर्यवेक्षको की नियुक्ति की गई है। सालेकसा ग्रामीण के लिये तीन दिवसीय प्रशिक्षण सालेकसा पंचायत समिति सभागृह मे तीन बॅच मे पुर्ण किया गया था।

इस प्रशिक्षण हेतु फिल्ड ट्रेनर के रुप मे प्रा. गणेश भदाडे बॅरिस्टर राजाभाऊ कनिष्ठ महाविद्यालय साकरीटोला एवं प्रा. उमेश कोसुरकर शंकरलाल अग्रवाल महाविद्यालय सालेकसा ने प्रशिक्षण दिया। जनगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 से 25 अप्रैल 2026 तथा 27 से 29 अप्रैल 2026 तक एंव 30 से 4 एंल 5 मई तीन चरणों में आयोजित किया गया था यह प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षको की जनगणना 2027 को लेकर सभी संकल्पना स्पष्ट की गई जिसके बाद हम सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक भारत की जनगणना 2027 करने हेतु पुरी तरह तैयार है।

यह आत्मविश्वास प्रगणक एवं पर्यवेक्षको ने अपनी भावना व्यक्त की पंचायत समिति सभागृह मे प्रशिक्षण लेने वाले कुछ प्रगणक तो ऐसे है की जिनका इस प्रशिक्षण से भारत की जनगणना 2027 करने को लेकर इतना आत्मविश्वास बढ़ा की उन्होंने जनगणना 2027 के रिझर्व्ह के रुप मे कर्तव्य मिलने के बाद चार्ज अधिकारी कार्यालय मे जाकर हमे रिझर्व्ह नही काम करने के एच.एल.बी गट याने निश्चित स्थान की मांग कर भारत की जनगणना 2027 मे जनगणना करने की पुर्ण रुप से तैयारी दिखाई है।

जनगणना 2027 के पहले चरण में 1 मई से 15 मई 2026 तक नागरिकों को स्व-गणना **(Self Enumeration)** की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके तहत वे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन भर सकेंगे। इसके बाद 16 मई से 14 जून 2026 तक घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा जानकारी एकत्र की जाएगी.प्रशासन ने सालेकसा शहर एवं सालेकसा तहसील के सभी ग्रामीणो के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी देकर सहयोग करें और जनगणना को सफल बनाने में सहभागी बनें।

## आखिरकार देवरी में छेड़छाड़ करने वाला रिटायर्ड प्रिंसिपल गिरफ्तार हो गया है..

### हॉस्टल में छात्रा को परेशान करने वाला आखिरकार गिरफ्तार हो गया..



जगप्रेरणा देवरी।

*देवरी क्षेत्र के हॉस्टल में छात्रा से छेड़छाड़ और परेशान करने वाले आरोपी रिटायर्ड प्रिंसिपल को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है।*

इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत है और छेड़छाड़ करने वालों में पुलिस का डर बढ़ गया है।

बुधवार (06 मई) को पुलिस अधीक्षक गोंदिया गोरख भामरे के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे और उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल के मार्गदर्शन में देवरी पुलिस ने यह कार्रवाई की। गोपनीय सूचना के आधार पर देवरी थाने की एक टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी, रिटायर्ड प्रिंसिपल काशीनाथ शहारे (उम्र लगभग 62) निवासी देवरी, तालुका देवरी, जिला गोंदिया) के खिलाफ इंडियन पीनल कोड की धारा 74, 75 (2) और प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस **(POCSO)**एक्ट, 2012 की धारा 8 के तहत केस दर्ज किया गया है।

देवरी पुलिस इंस्पेक्टर प्रवीण डांगे ने आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने उसे दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। आरोपी अभी पुलिस कस्टडी में है और आगे की जांच चल रही है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### गडेगांव बाजार मे थप्पड मारने वाला तु ही है क्या बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के चिचगड पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/5/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान गडेगाव मे फर्यादी अमित विजय साखरे उम्र 30 वर्ष निवासी पलानगाव अपने गाव मे था। जहा आरोपी ने पास आकर कहा गडेगाव बजार मे थप्पड मारने वाला तु ही है ना बोलकर लकड़ी से पैर और नाक पर मारकर जख्मी किया। गंभीर चोट लगने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे चिचगड मे अपराध क्रमांक 156/2026 धारा 118,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा वसंता देसाई 1260 पोस्टे चिचगड कर रहे है।

### पुराने विवाद पर मारपीट कर दांत तोड़ा, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/5/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान संगमटोला मे फर्यादी केमेन्द्र रतीराम पटले उम्र 36 वर्ष निवासी संगमटोला अपने घर पर थे। तीन आरोपी घर पर आये और फर्यादी को बुलाकर रोड पर लाये और कुछ दिन पूर्व चितामण धाबे पर विवाद हुवा था। उस बात पर आरोपीयोने गाली गलौच कर मारपीट की जिसमे एक दात टुटा और आगे जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 316/2026 धारा 117, 2, 351, 3, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा 1082 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### खेत से 35 ब्रास रेती चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत रेतीचोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/5/2026 के रात ग्राम धादरी मे फर्यादी चैनलाल बुधराम रिनाईत उम्र 38 वर्ष निवासी पिपरझरी ने रोड के काम के लिये लायी 35 रेती लाकर सुकराम पटले के खेत मे रखी थी। घटना तारीख की रात को 3 आरोपीयो ने अपने टिप्पर मे जेसीबी से भरकर चुराई है, कुल 35 ब्रास रेती किमत 1 लाख 5 हजार रुपये का माल तिनो आरोपी ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 515/2026 धारा 303, 2, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी कोंडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### अज्ञात फोरविलर की चपेट मे आने से पैदल जा रहा युवक जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/5/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान खमारी गाव मे मोहन लिखीराम हत्तीमारे उम्र 50 वर्ष निवासी खमारी पैदल जा रहे थे। उसी दरम्यान पीछे से आ रही सफेद रंग की फोरविलर के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर फर्यादी को ठोस मारी गंभीर जख्मी होने से दिये शिकायत पर अज्ञात फोरविलर चालक के खिलाफ पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 266/2026 धारा 281,125, अ, ब, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा भेलावे 49 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

# 'हमारे हक के घर का सहारा मत छीनो', इंजीनियर राहंगडाले के लिए आमगांव के लोग एकजुट..

### लाभार्थियों की नगर परिषद के कंस्ट्रक्शन इंजीनियर को बनाए रखने की अपील, निवेदन के ज़रिए प्रशासन को चेतावनी..



जगप्रेरणा आमगांव।

*प्रशासनिक देरी और लालफीताशाही में फंसी 'घरकुल' योजना को गति देने वाले आमगांव नगर परिषद के कंस्ट्रक्शन इंजीनियर निहित राहंगडाले के साथ अब जनशक्ति खड़ी है। सैकड़ों*

घरकुल लाभार्थिओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद मुख्याधिकारी के कार्यलय पर धावा बोल दिया और नारे लगाए, 'एक ईमानदार अधिकारी की बलि मत दो।' इस मौके पर चेतावनी दी गई कि अगर राहंगडाले की पोस्ट को परमानेंट नहीं किया गया तो एक मजबूत जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। पिछले कई सालों से आमगांव के लोग कई सरकारी योजनाओं से वंचित थे। आम आदमी ग्राम पंचायत और नगर परिषद की तकनीकी उलझनों में फंसा हुआ था। हालांकि, निहित राहंगडाले के चार्ज संभालने के बाद से तस्वीर बदल गई है। जैसा कि निवेदन में बताया गया है, रहांगडाले ने बिना किसी 'फाइनेंशियल लालच' के बहुत ट्रांसपेरेंट तरीके से काम किया। उनके कार्यकाल में, ज़रूरतमंदों के घरों की फाइलें सच में आगे बढ़ीं और कई घरों को मंज़ूरी भी मिली।

शहर में चर्चा है कि कुछ खास लोग, जिनकी 'दुकानें' एक अच्छे काम करने वाले अधिकारी की वजह से बंद हो गई हैं, रहांगडाले पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं और उन्हें हटाने की साज़िश रच रहे हैं। 'एक ईमानदार आदमी को राजनीति का शिकार क्यों बनाया जा रहा है?' यह गुस्से वाला सवाल नागरिक पूछ रहे हैं। एक तरफ सरकार ट्रांसपेरेंट गवर्नेंस की बात करती है और दूसरी तरफ, बिना किसी मदद के काम करने वाले अधिकारी को परेशान किया जा रहा है, नागरिकों ने इस पर कड़ी नाराज़गी जताई।

इस मौके पर यह ज़ोरदार मांग की गई कि जब तक आमगांव के हर ज़रूरतमंद परिवार को उनके हक़ का घर नहीं मिल जाता, तब तक निहित रहांगडाले अपने पद पर बने रहें। चेतावनी दी गई है कि अगर प्रशासन ने इस जनभावना का सम्मान नहीं किया, तो लोकतांत्रिक तरीकों से एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर समाजिक कार्यकर्ता नीरू फुले, रानी कालसर्पे, प्रफुल वैद्य, आकाश मेश्राम, इशांत सोनटक्के, सतीश गायकवाड़ समेत बड़ी संख्या में महिला और पुरुष लाभार्थी मौजूद थे।

# बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता..

### रबी की फसलों पर संकट, भारी नुकसान की आशंका..

जगप्रेरणा आमगांव।

*पिछले दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने रबी की तैयार फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया है।*

कटाई के मुहाने पर खड़ी धान, गेहूं, और चने की फसलें खेतों में बिछ गई हैं। अचानक आए इस मौसम परिवर्तन से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है।

**फसलों की स्थिति:** धान की बालियां भारी होने के कारण तेज हवा और पानी से फसल गिर गई है, जिससे दाने काले पड़ने और गुणवत्ता घटने की संभावना है।

**सब्जियों पर असर:** बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से टमाटर, मिर्च और अन्य मौसमी सब्जियों को भी काफी क्षति हुई है।

**किसानों की व्यथा:** स्थानीय किसान प्रमोद कटकवार, नरेंद्र कटरे, प्रेमलाल लिल्हारे ने बताया कि फसल पककर तैयार थी और दो-तीन दिन में कटाई शुरू होनी थी, लेकिन इस कुदरती मार ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। यदि आने वाले 24 घंटों में मौसम साफ नहीं होता है, तो नुकसान का ग्राफऔर बढ़ सकता है। फिलहाल, अन्नदाता आसमान की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है कि जल्द ही धूप खिले।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433

# जौनपुर जंक्शन यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का परिचालन पुनः संशोधित परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*रेलवे प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के अयोध्या-अकबरपुर-जफराबाद सेक्शन में स्थित जौनपुर जंक्शन पर चल रहे यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस के मार्ग में पुनः संशोधन किया गया है।*

इस कार्य के चलते गाड़ियों का परिचालन निर्धारित मार्ग के स्थान पर वैकल्पिक मार्ग से किया जाएगा, जिससे कुछ स्टेशनों पर ठहराव अस्थायी रूप से निरस्त रहेगा।

**विवरण इस प्रकार है :-**

गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को दिनांक 13.05.2026 से 27.05.2026 को अपने निर्धारित मार्ग औनिहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, प्रयागराज जंक्शन, मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औनिहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, प्रयाजराज रामबाग, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, ओहन कैबिन, एवं बांसापहाड़ होते हुए चलाया जाएगा। इस दौरान इस गाड़ी का केराकत, जौनपुर, मिर्जापुर, विंध्याचल, प्रयागराज छिवकी, शंकरगढ़ एवं मानिकपुर स्टेशनों पर ठहराव निरस्त रहेगा।

इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को दिनांक 12.05.2026 से 26.05.2026 तक अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी एवं औनिहार जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बांसापहाड़, ओहन कैबिन, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, बनारस, वाराणसी जंक्शन, वाराणसी सिटी एवं औनिहार से संचालित किया जाएगा। इस दौरान गाड़ी का मानिकपुर, जौनपुर, प्रयागराज छिवकी, विंध्याचल, मिर्जापुर एवं केराकत स्टेशनों पर ठहराव अस्थायी रूप से निरस्त रहेगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट की गई ट्रेनों को प्रयागराज जंक्शन पर 02 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जाएगा, जो कि प्रयागराज छिवकी के स्थान पर होगा।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा से पूर्व अपनी गाड़ी की अद्यतन समय सारणी की जानकारी प्राप्त कर लें। रेल प्रशासन यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करता है एवं असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है।

## समनापुर स्टेशन यार्ड में 25 केवी एसी विद्युत ट्रैक्शन प्रारंभ होने के संबंध में आवश्यक सूचना..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत समनापुर स्टेशन यार्ड सेक्शन में दिनांक 10 मई2026 से 25 केवी एसी विद्युत ट्रैक्शन प्रणाली प्रारंभ किए जाने के संबंध में आम जनता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि सभी समपार फाटकों (लेवल क्रॉसिंग) पर सुरक्षा की दृष्टि से ऊँचाई सूचक गेज **(Height Gauge)** स्थापित किए गए हैं।

इन गेजों की अधिकतम स्वीकृत ऊँचाई सड़क स्तर से 4.78 मीटर निर्धारित की गई है, ताकि अत्यधिक ऊँचाई वाले वाहन अथवा सामग्री विद्युत संपर्क तार के निकट न आ सकें। रेलवे के विद्युत संपर्क तार समपार फाटकों पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊँचाई पर स्थापित रहते हैं तथा इनमें 25,000 वोल्ट विद्युत प्रवाहित होती है। अतः अत्यधिक ऊँचाई वाले वाहन या सामग्री का संपर्क अथवा निकट आना अत्यंत खतरनाक एवं जानलेवा हो सकता है। सभी सड़क उपयोगकर्ताओं, वाहन चालकों एवं परिवहनकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने वाहनों पर लदी सामग्री की ऊँचाई निर्धारित सीमा के भीतर रखें तथा किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन न करें।

**अत्यधिक ऊँचाई वाले भार से निम्नलिखित खतरे उत्पन्न हो सकते हैं :-**

ऊँचाई गेज को क्षति पहुँचने से सड़क एवं रेल यातायात बाधित हो सकता है। वाहन अथवा उसमें लदी सामग्री को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है। विद्युत तार के संपर्क अथवा निकट आने से आग लगने एवं जनहानि का गंभीर खतरा हो सकता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आम जनता से अपील की जाती है कि विद्युतिकृत रेलखंडों पर यात्रा एवं आवागमन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। रेलवे सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



प्यास की कीमत..
भीषण गर्मी के चलते अधिकांश घरों के कुंए सूखने लगे है, जिसके चलते नलों पर पानी के लिए जद्दोजहद देखनो को मिल रही है, 'धूप की तपन और मटकों की कतार: बूंद-बूंद के लिए घंटों का इंतज़ार' यह नजारा आमगांव में देखने को मिल रहा है।
छाया - गणेश भदाडे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## एमसीपी स्कूल की निःशुल्क लाइब्रेरी से हुआ गोंदिया जिले के पंकज चौधरी का अमरावती पुलिस में चयन..

### दो वर्षों की मेहनत लाई रंग, ग्रामीण युवाओं के लिए बनी सफलता की मजबूत नींव..



जगप्रेरणा गोंदिया/गोरेगांव।

***शिक्षा के क्षेत्र में की गई एक छोटी लेकिन सार्थक पहल किस तरह युवाओं का भविष्य बदल सकती है, इसका सजीव उदाहरण माउंट कॉमेट पब्लिक स्कूल (एमसीपी) की निःशुल्क लाइब्रेरी ने प्रस्तुत किया है। इस लाइब्रेरी से अध्ययन करने वाले पंकज अशोक चौधरी (निवासी सोनी, तहसील गोरगांव) का चयन हाल ही में अमरावती पुलिस में कॉन्स्टेबल पद पर हुआ है।***

पंकज ने पिछले दो वर्षों तक नियमित रूप से एमसीपी स्कूल की लाइब्रेरी में अध्ययन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतरता ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। यह लाइब्रेरी केवल अध्ययन का स्थान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सही दिशा और आत्मविश्वास प्रदान करने का एक सशक्त केंद्र है।

### लाइब्रेरी केवल किताबें नहीं, दिशा देती है – जयेशचंद्र रामादे

यह लाइब्रेरी केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को संवारने का एक मजबूत संकल्प है। हमारा लक्ष्य है कि आर्थिक स्थिति किसी भी विद्यार्थी की प्रगति में बाधा न बने। हम ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहाँ हर मेहनती छात्र को समान अवसर और सही मार्गदर्शन मिल सके। समाज और सरकार के सहयोग से इस पहल को और व्यापक बनाना समय की आवश्यकता है,÷ ऐसा दृढ़ मत संस्थान के एमडी जयेशचंद्र रामादे ने व्यक्त किया। विद्यालय द्वारा संचालित इस लाइब्रेरी में एमपीएससी, एसएससी, बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवश्यक पुस्तकें और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2021 में शुरू हुई इस पहल का लाभ वर्तमान में 28 से अधिक विद्यार्थी नियमित रूप से उठा रहे हैं। यह लाइब्रेरी आज युवाओं के लिए एक सशक्त, प्रेरणादायक और दिशा देने वाला केंद्र बनकर उभरी है।

### निरंतर सफलता से बढ़ा विश्वास ..

गौरतलब है कि अब तक इस लाइब्रेरी से जुड़कर 20 विद्यार्थी एमपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, पुलिस एवं अन्य सरकारी सेवाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। इन उपलब्धियों ने न केवल विद्यार्थियों का भविष्य संवारा है, बल्कि उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक बदलाव लाया है।

### प्रेरणा बन रहे पंकज चौधरी

पंकज चौधरी की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय लाइब्रेरी के शांत वातावरण, उपलब्ध संसाधनों और नियमित अध्ययन को दिया। उनका कहना है कि यदि सही दिशा और अवसर मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।

### छात्र का स्कूल द्वारा सत्कार

**चयनित छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री अनिल चौहान के हाथों पंकज चौधरी का शाल, श्रीफल एवं 'शिवाजी कौन होते' पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्री जे. के. लोखंडे (डायरेक्टर, सहयोग ग्रुप ऑफ स्कूल्स), श्रीमती लीनता लोखंडे, श्री अरुण चन्ने (एडमिन), श्री संदीप राहाटे, श्रीमती किरण सोनी, श्रीमती नीतू ब्राह्मणकर सहित अन्य सहयोगी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने पंकज को शुभकामनाएं देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।**

### गोंदिया शहर के नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु

## नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे का फिर एक बार जनसंवाद (जनता दरबार) 15 मई को..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष बनने के नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन गोविंदभाऊ शेंडे ने तत्काल अपनी पहली ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर परिषद में जनसंवाद (जनता दरबार) कार्यक्रम की घोषणा कर दी थी। और अपनी इस घोषणा के अनुरुप प्रतिमाह सचिन शेंडे जन समस्याओं के समाधान के लिये पुरे दिन भर स्वयं उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।***

इसी क्रम में एक बार फिर मई माह में 15 मई को नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंड का जनसंवाद (जनता दरबार) कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें नगर परिषद अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर की जनता की सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने का कार्य नगराध्यक्ष सचिन शेंडे द्वारा किया जायेगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया शहर की विभिन्न प्रकार की समस्याएँ, जो नगर परिषद प्रशासन से संबंधित हैं, उनके समाधान के लिए नगर परिषद के सभागार में नगराध्यक्ष सचिन शेंडे द्वारा 15 मई 2026 को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक जनता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नगर परिषद से संबंधित विभिन्न विषयों पर यदि किसी के आवेदन लंबित हो या फिर उन्हें अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करना है, वे दिनांक 13/ 05/2026 तक कार्यालयीन समय में अपने लिखित आवेदन नगर परिषद के उपमुख्याधिकारी के पास जमा करें, तथा केवल उन्हीं नागरिकों को जनसंवाद कार्यक्रम के सभागार में प्रवेश दिया जाएगा जिनके लिखित आवेदन प्राप्त होंगे।

**अतः शहर के सभी नागरिकों से नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने अनुरोध किया है कि उपरोक्त सूचना पर ध्यान देते हुए नगर परिषद में जनसंवाद कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें, ताकि आम नागरिकों की सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जा सके।**

## भीषण गर्मी में परेशान रेल यात्रियों को वीएसएस ग्रुप ने पिलाया ठंडा मट्ठा, छाछ..

### गोंदिया रेलवे स्टेशन पर दी सेवाएं., सैकड़ों लोगों ने लिया सेवा का लाभ





जगप्रेरणा गोंदिया।

***भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए सामाजिक सेवा में अग्रणी वीएसएस ग्रुप गोंदिया द्वारा आज स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में मानवता की मिसाल पेश की गई। ग्रुप के सदस्यों द्वारा स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों और राहगीरों के लिए निःशुल्क मट्ठा (छाछ) वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से लगभग 500 से 600 लोगों को ठंडा मट्ठा वितरित कर गर्मी से राहत पहुँचाई गई।***

इस सेवा कार्य का नेतृत्व वीएसएस ग्रुपके संस्थापक विनोद (गुड्डु) चांदवानी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोंदिया रेलवे स्टेशन के कमर्शियल इंस्पेक्टर विनोद यादव उपस्थित थे, जिन्होंने ग्रुप के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर वीएसएस ग्रुप के अध्यक्ष धरम खटवानी, सचिव सुनील संभवानी और प्रकाश कोडवानी ने सक्रिय रूप से अपनी सेवाएँ दीं। साथ ही नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी महेश आहूजा और अशोक जयसिंघानी ने भी उपस्थित रहकर उत्साहवर्धन किया। मट्ठा वितरण कार्य में 'मटका कोला सेवा समिति' का भी विशेष सहयोग रहा, जिसमें समिति के राजू आसवानी, दिलीप तेजवानी,प्रताप आसवानी, शंकर टेवानी, कविता प्रीथयानी एवं अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वीएसएस ग्रुप के संस्थापक विनोद चांदवानी ने बताया कि इस तपती धूप और भीषण उमस के बीच यात्रियों को थोड़ी शीतलता और राहत प्रदान करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उपस्थित यात्रियों ने भी ग्रुप की इस निस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांग अपंग कल्याणकारी संस्था ने सौपा जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले का ज्ञापन..

### जरुरी मांगों पर कराया ध्यानाकर्षण..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***दिव्यांग अपंग कल्याणकारी संस्था, गोंदिया के तालुका अध्यक्ष योगेश लिल्हारे के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों व सदस्यों ने गोंदिया के जिलाधिकारी मंगेश गोंदावले से मुलाकात कर दिव्यांग भाई-बहनों की 5 सूत्रीय***

मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संस्था अध्यक्ष योगेश लिल्हारे ने जगप्रेरणा को बताया कि माननीय जिलाधिकारी साहब ने हमारी एक-एक बात को ध्यान से सुना और तुरंत सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिया। उनका यह सहयोग हमारे लिए बहुत बड़ी ताकत होगी। योगेश लिल्हारे ने बताया कि हमने जिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि 1. बकाया मानधन तुरंत मिले और हर पात्र दिव्यांग को प्रतिमाह 2500 रु. नियमित मिले। 2. दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को गोंदिया जिले में सख्ती से लागू किया जाए। 3. जिले में दिव्यांग नियंत्रण कक्ष की स्थापना हो। 4. बकाया मानधन को कैरी फॉरवर्ड करने की व्यवस्था हो। 5. मानधन वितरण की हर महीने की निश्चित तारीख तय हो। इस ज्ञापन के समय प्रमुख रुप से जिलाध्यक्ष दिगंबर बन्सोड, सचिव दिनेश पटले, शहर अध्यक्ष हरीश गुप्ता, राजू बरयेकर, तारकेश्वरी चौहान, शाहबाज शेख, सविता चौधरी, खुमेश मेश्राम, राजेश भगत, अर्जुन पालेवार उपस्थित थे।

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करे।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

## विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 'बॉलर्स की खोज' ओपन सिलेक्शन ट्रायल्स 16 मई को गोंदिया में..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) द्वारा आयोजित अपनी विशेष पहल 'बॉलर्स की खोज' के अंतर्गत गोंदिया जिले में ओपन क्रिकेट सिलेक्शन ट्रायल्स का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जिले एवं विदर्भ क्षेत्र की प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज एवं स्पिन गेंदबाज प्रतिभाओं की खोज कर उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। यह पहल आगामी विदर्भ प्रीमियर लीग सीजन 2 के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। ट्रायल्स पुरुषों में 16 से 25 वर्ष की आयु के तथा महिलाओं में 15 से 23 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों के लिए खुले हैं।

गोंदिया जिले के लिए ट्रायल्स का आयोजन 16 मई 2026 (शनिवार) को सुबह 7:30 बजे से पूजा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, खमारी (हलबीटोला), जिला गोंदिया में किया गया है। पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं वीपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन प्रशांत वैद्य, पूर्व बीसीसीआई सिलेक्शन कमिटी के चेयरमैन चेतन शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता सुब्रतो बनर्जी तथा वीसीए की सीनियर, जूनियर एवं विमेंस सिलेक्शन कमिटियों के सदस्य ट्रायल्स की निगरानी करेंगे तथा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

ट्रायल्स के माध्यम से लड़के एवं लड़कियां दोनों को अपनी गेंदबाजी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। शॉर्टलिस्ट किए गए खिलाड़ियों को आगे एडवांस ट्रेनिंग कैंप्स में आमंत्रित किया जाएगा, जहां उन्हें विशेष कोचिंग, फिटनेस मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ क्रिकेट पेशेवरों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। चयनित खिलाड़ियों को आगामी विदर्भ प्रिमीयर लीग सीजन 2 में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है, जिसका आयोजन 1 जून से 15 जून 2026 तक किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को क्रिकेटिंग परिधान ( वरीयता से सफेद क्रिकेट यूनिफॉर्म) में तथा वैध आयु प्रमाण दस्तावेजों के साथ समय पर मैदान में उपस्थित रहने की सलाह दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए मुकेश बाराई, राजू लिमये, प्राचार्य मोहन वानखेड़े (पूजा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन), नियाज शेख, त्रिलोक तुरकर, हितेश कोडवानी से संपर्क किया जा सकता है।

सभी पंजीकृत खिलाड़ियों से व अन्य इच्छुक खिलाड़ी मुकेश बाराई से मो. 9422834766, गोंदिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के राजू लिमये से मो. नं. 9763007587 एवं नियाज शेख से मो. 9326110530 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जाहिर सूचना

**श्री दिनेश चेतन लाल ठाकरे इनके नाम से नगर परिषद रिकॉर्ड में नाम दर्ज है । जिसका वार्ड क्रमांक 3 वार्ड का नाम बी एम पटेल वार्ड माल मत्ता क्रमांक 3/541 है। उक्त मलमाता रजिस्ट्री क्रमांक 5644-2025 दि 12/12/2025 को हो चुका है। इन्होंने खरीददार श्रीमती संतोष रवि प्रकाश मदन को एरिया 810 स्केयर फिट बिक्री किया है। खरीददार ने फेरफार हेतु आवेदन सादर किया है। यदि किसी को हस्तांतरण पर आक्षेप हो तो यह सूचना प्रकाशित होने के पश्चात 7 दिन के भीतर अपना आक्षेप इस कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज सहित सादर करेंगे। आक्षेप प्राप्त न होने पर हस्तांतरण की कार्रवाई की जाएगी।**

**मुख्य अधिकारी**
**नगर परिषद को गोंदिया**

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 23 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
। अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
। जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 98230 21274, 93098 53003
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com